Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

• अंक : 186 • वर्ष : 11 • रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024 • पृष्ठ : 08 • मूल्य : 3 रूपए • संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



धर्म की बात करना और धर्म से बात करना इन दोनों में बहुत अंतर है।

Religion means consoling and satiating others, not of own self.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## मुख्यमंत्री साय ने किया तातापानी को पर्यटन स्थल घोषित

### बनेगा मास्टर प्लान, खुलेगा पर्यटन विभाग का मोटल • रघुनाथ नगर में महाविद्यालय की घोषणा • डीपाडीह कला में नवीन पुलिस चौकी की घोषणा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** तातापानी की धरती बहुत पवित्र धरती है। यह धरती रामकथा से जुड़ी है। तातापानी महोत्सव का आरंभ हमारी सरकार ने ही किया था। इसके बाद हर साल यह महोत्सव भव्य रूप लेता जा रहा है। तातापानी को पर्यटन स्थल के रूप में मैं घोषित करता हूँ। यहां पर्यटन विभाग का मोटल आरंभ करेंगे। तातापानी क्षेत्र के विकास के लिए आने वाले समय में मास्टर प्लान भी तैयार किया जाएगा। तातापानी महोत्सव में शामिल होने जिला बलरामपुर-रामानुजगंज पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रघुनाथनगर में महाविद्यालय की घोषणा भी की, साथ ही डीपाडीह कला में नवीन पुलिस चौकी की घोषणा भी की। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सरगुजा संभाग की जनता को मकर संक्रांति की बधाई के साथ ही उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा कि सरगुजा की जनता ने मोदी जी की गारंटी पर भरोसा किया। हम आपके भरोसे पर खरा उतरेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच सालों में छत्तीसगढ़ का जो विश्वास रूक गया था, वो अब तेजी से होगा। डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों को बहुत तेज गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा



तातापानी महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कहा- 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की होगी प्राण प्रतिष्ठा, पूरा क्षेत्र राममय कर इस भव्य आयोजन के लिए जुट जाएं

कि तातापानी का संबंध माता सीता से है। यह बहुत पवित्र स्थल है। यह हम लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। हमें इस महत्वपूर्ण आयोजन को देखते हुए पूरा माहौल राममय कर देना है। हर जगह भजन-कीर्तन आदि माध्यमों से पूरा माहौल भक्तिमय करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी की गारंटी के अनुरूप सभी वायदे पूरा करेंगे। क्षेत्र की जो मांगें हैं उन्हें भी पूरा करेंगे।

इस मौके पर संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तातापानी में भगवान राम-सीता जी के पवित्र चरण पड़े। हमारा सौभाग्य है कि हमने ही 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय में तातापानी महोत्सव की शुरूआत की थी। हमारी आस्था के केंद्रों के विकास का काम मोदी जी के नेतृत्व में हो रहा है। प्रभु राम 22 तारीख को आ रहे हैं। उनके आगमन की भव्य तैयारी करनी है। तातापानी के राम कथा से संबंधित महात्म्य के बारे में तथा यहां के जल के बारे में बताते हुए अग्रवाल ने कहा कि ऐसी पवित्र जगह पर 400 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध रहे हैं उन्हें भी मैं शुभकामनाएं देता हूँ। इस मौके पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी उपस्थितजनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि तातापानी का पर्यटन स्थल के रूप में इस तरह से विकास करना है कि पूरे देश के नक्शे में इसका नाम आ जाये। उन्होंने इसके विकास की संक्षिप्त रूपरेखा भी बताई।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजीव गोंड, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम, वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, संभाग आयुक्त जी.आर. चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, सीसीएफ नवीद सुजाउद्दीन अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## तातापानी महोत्सव में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 400 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे, मुख्यमंत्री साय ने दिया आशीर्वाद

### वर-वधू को घरेलू सामग्री के साथ मिले अनेक उपहार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में आयोजित किये जा रहे तातापानी महोत्सव परिसर में 400 नव युगल मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत पगड़ी पहनाकर किया गया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत 400 जोड़े ने रीति रिवाज से विवाह किए। इसमें 19 जोड़े का विवाह ईसाई रीति से कराया गया। 01 मुस्लिम रीति एवं शेष जोड़ियों का विवाह हिंदू रीति रिवाज से सम्पन्न किया गया। इन जोड़ियों में 07 जोड़ियो विशेष पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) के साथ 03 दिव्यांग जोड़ी भी शामिल हैं इनका हिंदू रीति रिवाज से विवाह कराया गया। इस अवसर पर विवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री साय द्वारा नव विवाहित जोड़ों को घरेलू सामग्री, प्रति जोड़ा 21-21 हजार का डेमो चेक प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने पहाड़ी कोरवा



समुदाय के जोड़े रंजीता और दिनेश्वर, शांति और लाबूड़, लक्ष्मी और बसंत, रजनी और सोहन, सुभंति और छोटन राम से मिलकर उन्हें आशीर्वाद दिया। शंकरगढ़ के दिव्यांग जोड़े रुक्मणि और प्रकाश को मुख्यमंत्री द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 21 हजार के डेमो चेक के साथ दिव्यांग होने के नाते समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त 50 हजार का चेक भी प्रदान किया गया। वर-वधु को विभाग द्वारा सामग्री में बर्तन, अलमारी, पेटी, रैक,गद्दा, घरेलू सामग्री, अन्य सामग्रियां विशेष उपहार के रूप में भेंट की गई।

## कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की हुई शुरुआत, मल्लिकार्जुन खरगे ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**इंफाल (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की मणिपुर से शुरुआत की। यात्रा की शुरुआत के राहुल गांधी दिल्ली से एक फ्लाइट में पार्टी नेताओं के साथ इंफाल पहुंचे, हालांकि खराब मौसम के कारण राहुल गांधी देरी से इंफाल पहुंचे।



इसके बाद उन्होंने इंफाल के निकट थोबल से अपनी यात्रा शुरू की। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हरी झंडी दिखाई। बीएसपी के निष्कासित लोकसभा सदस्य दानिश अली भी राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत के मौके पर राहुल गांधी ने वहां पर लोगों को संबोधित किया।

राहुल गांधी ने कहा, 2004 से मैं राजनीति में हूं, पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक प्रदेश में गया। जहां गर्वनेंस का पूरा स्ट्रक्चर बिगड़ गया। 29 जून के बाद से मणिपुर बदल गया। कोने-कोने में नफरत फैली। लाखों लोगों को नुकसान हुआ। भाई-बहन माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है।

उन्होंने आगे कहा, चुनाव में ज्यादा समय नहीं बचा। इसलिए पैदल के साथ-साथ बस यात्रा का फैसला किया। सवाल उठा कि यात्रा कहां से शुरू करें, किसी ने कहा वेस्ट से करो, किसी ने ईस्ट बताया। मैंने साफ कहा- अगली भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ मणिपुर से शुरू हो सकती है। मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है। बता दें, राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों को कवर करेगी। इसमें राहुल गांधी 6700 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। यात्रा 20 मार्च को मुंबई में खत्म होगी।

## शिवसेना में शामिल हुए मिलिंद देवड़ा, आज ही कांग्रेस को कहा था अलविदा

**मुंबई (आरएनएस)।** कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद मिलिंद देवड़ा कांग्रेस छोड़ने के कुछ घंटों बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। एकनाथ शिंदे ने देवड़ा को भगवा ध्वज भेंट कर शिव सेना में शामिल किया। शिव सेना में शामिल होने के बाद मिलिंद देवड़ा ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत भावुक दिन है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं कांग्रेस छोड़ दूंगा। आज मैं शिव सेना में शामिल हो गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हुए देवड़ा ने कहा कि मैं GAIN यानी विकास, आकांक्षा, समावेशिता और राष्ट्रवाद की राजनीति में विश्वास करता हूं। मैं पॉलिटिक्स ऑफ गेन (GAIN- ग्रोथ,एस्पीरेशन, इंक्लूजिविटी, नेशनलिज्म) में विश्वास करता हूं। मैं PAIN- (पर्सनल अटैक, इनजस्टिस,नेगेटिविटी) की राजनीति में विश्वास नहीं करता। देवड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कल तक देश को रचनात्मक सुझाव देते थी कि कैसे देश को आगे लेकर जाया जाए आज उसका एक ली लक्ष्य है कि पीएम मोदी जो बोलें उसके खिलाफ बोलना है। देवड़ा यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि अगर पीएम कल कांग्रेस की तारीफ करें और कह दें कि कांग्रेस बहुत अच्छी पार्टी तो इसका भी विरोध करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी आज 1 लाख लोगों को देंगे बड़ी सौगात

### पीएम-जनमन के तहत जारी करेंगे पहली किस्त

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार यानि 15 जनवरी को पीएम-जनमन के तहत पीएमएवाई (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पीएम-जनमन के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे।



प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई - जी) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे।

अंत्योदय के मिशन के तहत, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के तहत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर 2023 को विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए पीएम-जनमन योजना की शुरुआत की गई थी। लगभग 24,000 करोड़ रुपए के बजट वाली पीएम-जनमन योजना, 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण सुविधाओं को लेकर काम करती है।

## दिल्ली में पोंगल उत्सव में शामिल हुए पीएम मोदी, दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में पोंगल उत्सव में शामिल होकर सभी नागरिकों को इस त्योहारी सीजन पर सभी पर्वों की शुभकामनाएं दी। पोंगल के पर्व को एक भारत-श्रेष्ठ भारत की राष्ट्र भावना को दर्शाने वाला पर्व बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सभी को पोंगल के पर्व की अनेक-अनेक शुभकामनाएं। पोंगल के पवित्र दिन तमिलनाडु के हर घर से पोंगल धारा का प्रवाह होता है। मेरी कामना है उसी तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि और संतोष की धारा का प्रवाह निरंतर होता रहे। कल ही देश ने लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया है। कुछ लोग आज मकर संक्रांति-उत्तरायण मना रहे हैं, कुछ लोग शायद कल मनाएंगे। माघ बिहू भी बस आने ही वाला है। मैं इन सभी पर्वों की सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं, शुभकामनाएं देता हूं।

## देश की आजादी में लोधी समाज का रहा है महत्वपूर्ण योगदान : विष्णु देव साय

**छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अपने मुंगेली प्रवास के दौरान नगर पंचायत पथरिया में छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री श्री साय का समाज के पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी एवं गजमाला पहनाकर तथा समाज का प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज मकर संक्रांति का पावन दिन है। इस अवसर पर उन्होंने सभी लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के इतिहास में लोधी समाज का गौरवशाली योगदान रहा है। इस समाज ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आज भी यह समाज अपनी कर्मठता, अखण्डता एवं एकता के कारण आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में पूरी तत्परता से कार्य कर रही है, चुनाव के पहले हमने जो 18 लाख गरीबों को आवास देने का वादा किया था जिसे हमारी सरकार बनते ही पूरा किए और हम नरेन्द्र मोदी जी के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने अपना वादा निभाते हुए सुशासन दिवस पर 02 साल के लंबित धान का बोनस का भुगतान किया और ऐसे तमाम कार्य जिसका हमने वादा किया था उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री श्री साव ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली लोधी समाज की रानी अवंती बाई लोधी को नमन करते हुए कहा कि इतिहास से प्रेरणा लेते हुए यह समाज जागरूक होकर मुख्य धारा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। शिक्षा, रोजगार, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में यह समाज अग्रसर हो रहा है।

## घने कोहरे की चादर में लिपटा उत्तर भारत, दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी जीरो; 7 फ्लाइट्स को किया डायवर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में आज रविवार सुबह वातावरण में चारों तरफ घने कोहरे की चादर छाई हुई है। इससे सड़क से रेलवे और हवाई यातायात भी प्रभावित हो रहा है।



जानकारी के मुताबिक, घने कोहरे के कारण आज सुबह पांच बजे दिल्ली स्थित ढ्ढत्र्ढ्ढ एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी का स्तर शून्य हो गया, इससे कई फ्लाइट्स की उड़ान के समय में देरी हुई है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के मौसम के कारण 4.30 बजे से 7.30 बजे के बीच 7 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है। इसमें से छह को जयपुर और एक को मुंबई के लिए डायवर्ट किया गया। विस्तारा की दिल्ली से पुणे की उड़ान में एक घंटे से अधिक की देरी हुई है।

वहीं, कोहरे के साथ-साथ कड़ाके की सर्दी का सितम भी जारी है। रविवार सुबह दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, आरके पुरम क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को, शहर का कोल्ड डे की स्थित बनी थी। इस बीच हाड़ कंपा देने वाली ठंड के बीच मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बहुत घना कोहरा छाया हुआ है। इसके चलते राजमार्गों पर यात्रियों को बेहद सावधानी से और केवल फॉग लाइट के साथ गाड़ी चलाने की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, अमृतसर, चंडीगढ़, पटियाला, अंबाला, गंगानगर, पालम, सफदरजंग, लखनऊ में बहुत घना कोहरा है और आज 02ञ्30 बजे ढ्डस्ञ्ज के बाद से दृश्यता 0 मीटर है। अगले तीन से चार दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय कोहरा छाए रहने की संभावना है।

## 2550 वर्ष बाद भी प्रासंगिक है भगवान महावीर के उपदेश : गौतम चौरडिया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज स्थानीय सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल, रायपुर में भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष में भगवान महावीर और उनके लोक कल्याणकारी उपदेश विषयक संगोष्ठी आयोजित की गई।





कार्यक्रम संयोजक कैलाश रारा के अनुसार श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा एवं निर्ग्रन्थ सेंटर ऑफ आर्कियोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया, कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव भाई शर्मा, मानवाधिकार आयोग के सदस्य नीलम सांखला, वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज एवं दैनिक विश्व के संपादक प्रदीप जैन ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता गौतम चौरडिया ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महावीर ने विश्व व्यवस्था को जड़ एवं चेतन दो शब्दों में परिभाषित कर दिया। प्रभु महावीर के सर्वकालिक उपदेश आज 2550 वर्ष बाद भी उतने ही प्रासंगिक है जितने उनके काल में हुआ करते थे। कुलपति बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि महापुरुषों के उपदेश किसी एक धर्म विशेष के लिए नहीं बल्कि जन-जन के लिए हुआ करते हैं। मानवाधिकार आयोग के सदस्य नीलम सांखला ने बतलाया कि प्रभु श्री महावीर ने कहा है कि जो चीज़ अपनी नहीं उसका मोह कैसा इसलिए पदार्थ में आसक्ति छोड़ निर्लिप्त भाव से जियें। वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज ने एक मुक्तक के माध्यम से जैन धर्म को समझाते हुए बतलाए कि- सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह और अस्तेय। इनको जिसने जाना वह बना जैन अजेय।। सभा के प्रांतीय अध्यक्ष एवं दैनिक विश्व के संपादक प्रदीप जैन ने कहा कि जैन धर्म का परस्परोपग्रहो जीवानाम% का विचार कालजयी सिद्धांत है। तीर्थ संरक्षिणी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानचंद पाटनी ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव की बात है कि आज विश्व के विद्वान चिंतक जैन धर्म की उपवास परंपरा पर शोध कार्य कर रहे है। महिला महासभा की प्रांतीय अध्यक्षा उषा गंगवाल जो कि एक ज्योतिषाचार्य है ने कहा कि नव ग्रहों का तो उपाय है किंतु परिग्रह का कोई उपाय नहीं है, एकमात्र संयम ही रास्ता है। ऋषभदेव जैन मंदिर के पूर्व ट्रस्टी प्रकाश सुराणा ने कहा कि हमारे माध्यम से विश्व के सम्मुख जैन धर्म का सशक्त संदेश तभी जाएगा जब हम एक बने और अपने आचरण से नेक बने। पाटनी फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी ने कहा कि जिन्होंने इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर ली वो जिन है और वह ही पूज्य है तथा उन्ही का मार्ग अनुशरणीय है। फिल्म निर्माता संतोष जैन ने कहा कि सभी मुख्य वक्ताओं के विचार सुनने के बाद मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि यदि हम धर्म को चर्चाओ से ऊपर उठकर चर्या का विषय बनाएंगे तो निश्चय ही सार्थक परिणाम प्राप्त हो सकेंगे। स्वाध्यायी शरद जैन ने कहा कि जहां शांति है, वहां संलेखना है और जहां सम्यक संलेखना है वहां मुक्ति है। कवि राजेश जैन राही ने अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम में शमा बांध दिया। कार्यक्रम संयोजक कैलाश रारा ने अहिंसा को विश्व शांति का मूल मंत्र बतलाया। कार्यक्रम का समापन विदिशा के पत्रकार अविनाश जैन के मंगल पाठ से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्कृति विभाग अभिलेखागार के उपनिदेशक प्रताप पारख, राजेंद्र उमाठे, छबिलाल सोनी, भरत जैन, शिरीन जैन, मनीष जैन, अशोक वैश्य, अनिल कला, महेंद्र सेठी, प्रदीप पाटनी, संगीता साहू, प्रेम सोनी, राजेंद्र स्वस्तिक, शीला प्रजापति एवं शुभांगी आप्टे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंच का सफल संचालन श्रीमती ममता जैन के द्वारा किया गया। **-कैलाश रारा**



दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024

## मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के जवानों को आर्मी-डे पर शुभकामनाएं दी

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारतीय सेना के जवानों, अधिकारियों सहित सभी देशवासियों को आर्मी-डे (थल सेना दिवस) पर शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि वीर जवान हर परिस्थिति में भारत माता की रक्षा में खुद को समर्पित करता है। शांतिकाल, युद्धकाल और संकट के समय हमारी सुरक्षा, राहत और बचाव के कार्यों में भारतीय सेना के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके अदम्य साहस और वीरता और बलिदान को नमन है।



## संक्षिप्त समाचार

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हम सबको देना होगा योगदान: मंत्री टंकराम वर्मा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको पूरी ऊर्जा के साथ योगदान देना होगा। श्री वर्मा आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिला मुख्यालय में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ द्वारा आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर महासंघ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री वर्मा सहित बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सभी नवनिर्वाचित विधायक सर्वश्री इंद्र कुमार साव, संदीप साहू को सम्मानित किया गया। मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश सामाजिक समरसता पर चलने वाला देश है यही जीवन का आधार है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला विराजमान हो रहे हैं। हम सभी प्रभु राम और स्वामी विवेकानंद जी के बताये राह पर चले और देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार आपके दरवाजे पर आ रही है: डॉ. रमन सिंह



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव शहरी क्षेत्र नया ढाबा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। केन्द्र शासन की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं योजनाओं से लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज नया ढाबा पहुंची। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र शासन की योजनाओं से आम जनता लाभान्वित हो रही है। हितग्राहियों को शिविर में लाभ मिला है। साथ ही जनसामान्य ने विभिन्न योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया है और उसकी प्रक्रिया आरंभ हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह हमारा गौरव है कि सनातन धर्म और 140 करोड़ लोगों का सपना 22 जनवरी 2024 को पूरा होगा और अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : गिरिराज सिंह

### ग्राम ढोंगदरहा व रंजना के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री

### लोगों को जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कोरबा जिले के ग्राम ढोंगदरहा एवं कटघोरा विकासखण्ड के ग्राम रंजना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शिविर में आयोजित गतिविधियां देखी और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया।

शिविर में स्वास्थ्य आयुष्मान कार्ड, केसीसी, महिला बाल विकास, कृषि, खाद्य, आधार सेवा केंद्र, आदिम जाति विकास विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजनों को प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, पूर्व गृह मंत्री श्री ननकी राम कंवर, भारत सरकार पंचायती राज के अतिरिक्त सचिव श्री सी. एस. कुमार, निदेशक मनरेगा नई दिल्ली श्री धर्मवीर झा, कलेक्टर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री श्री सिंह सहित अन्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी व माता सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन के माध्यम के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का श्रवण भी किया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को आत्मनिर्भर व विकसित भारत बनाने हेतु संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।




शिविर में केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को 2047 तक विकसित बनाना है। जिससे देश के गरीब, महिला, किसान एवं युवा वर्ग शक्तिशाली एवं समृद्ध बन सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गरीबों को आवास, पानी, बिजली, शौचालय, बेहतर स्वास्थ्य लाभ सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इस हेतु प्रधानमंत्री द्वारा समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। पीएम आवास योजना से कमजोर वर्ग के लोगों का पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुआं रहित स्वच्छ ईंधन प्रदान किए जा रहे है। पीएम मातृत्व वंदना योजना से माताओं को पोषण हेतु सहयोग राशि प्रदान किया जा रहा है। आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहान से जुड़ी दीदियों को लखपति दीदी बनाने का प्रयास सहित जनधन खाता के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से मिलने वाली राशि सीधे उनके खाते में जा रही है। श्री गिरिराज ने कहा कि कोरोना जैसे भीषण महामारी के समय भी समाज के अमीर व गरीब हर वर्ग को नि:शुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई गई।

केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज ने कहा कि प्रदेश में नई सरकार के गठन होने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा 18 लाख नए पीएम आवास बनाने का संकल्प लिया गया है, जिसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास सहित सभी योजनाओं की राशि सीधे हितग्रहियों के खाते में दी जा रही है। आमजनों को अब योजनाओं की जानकारी और लाभ लेने के लिए शासकीय कार्यालयों का चक्कर लगाना नही पड़ता, सरकार खुद अपनी योजनाओं की जानकारी देने खुद आप तक पहुंच रही है। इस हेतु प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी वाली गाड़ी आपके गाँव पहुँची है, जिसमें एलईडी वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश के रूप में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। श्री सिंह ने कहा की शिविर के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही प्रत्येक जरूरतमंद हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। इसलिए आप सभी योजनाओं का लाभ उठाते हुए विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

## जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड एवम प्रकृति की ओर सोसायटी की ओर से पुष्प प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शनिवार गांधी उधान में पुष्प,फल एवम सब्ज़ी प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय कृषि मंत्री राम विचार नेताम जी द्वारा किया गया। 8000 से अधिक पुष्प की प्रदर्शनी ने सभी का आकर्षण अपनी ओर खींचा, वहीं जिंदल द्वारा लगी पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के पौधे भी आकर्षण का केंद्र रहे 14 साल से लगातार इस प्रर्दशनी की कृषि मंत्री राम विचार नेताम जी ने जमकर सरहना की। वहीं आयोजनकर्ता को सलाह भी दी कि कृषि एवं रायपुर के बाग बगीचों की देख रेख महिलाओं को देनी चाहिए जिससे उनकी रुचि को बढ़ावा मिल सके और वो अपनी प्रतिभा से बाग बगीचों को और सुंदर बना सके।

प्रदर्शनी में जहा एक ओर पुष्प प्रदर्शनी ने सभी का ध्यान खींचा वहीं हाइब्रिड सब्जियां व फल प्रदर्शनी को देख सभी हैरान होते रहे। आयोजन में प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को अलग अलग कैटेगरी में प्रतीक चिन्ह एवम प्रमाण पत्र देकर सम्मनित भी किया गया।

प्रदर्शनी में जिंदल स्टील के वाइस प्रेसिडेंट श्री यू. पी. सिंह एवं कई गणमान्य जन्य मौजद रहे।

## बंच ऑफ फूल्स, नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी ने मिलकर किया नरैया तालाब में सफाई के लिए श्रमदान

### निगम कमिश्नर अविनाश मिश्रा के साथ शामिल हुए रायपुरियंस



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आज शहरी स्वच्छता में अपना योगदान देते हुए युवाओं की संस्था बंच ऑफ़ फूल्स ने नगर निगम व रायपुर स्मार्ट सिटी के साथ प्राचीन नरैया तालाब और नरहरेश्वर मंदिर प्रांगण की सफ़ाई की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता कैंपेन से जुड़कर नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के एमडी श्री अबिनाश मिश्रा, बंच ऑफ फूल्स के फाउंडर श्री सतीश भुवालका, शहीद संजय यादव हायर सेकंडरी स्कूल की एन सी सी कैप्टन डॉली यादव के साथ शहरवासी अपने बच्चों और परिवार के साथ शामिल हुए।

बंच ऑफ़ फूल्स शहरी स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर योगदान देती है। निगम के सहयोग से जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत आज अल सुबह इस साफ़ सफ़ाई कार्यक्रम में सभी शामिल हुए। दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग, तालाब और परिसर की सफ़ाई आज सबने मिलकर की। इस मौक़े पर अपर आयुक्त श्री विनोद पांडेय, जोन कमिश्नर श्री रमेश जायसवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक श्री आशीष मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी श्री रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी श्री योगेश कड्डु, जोन 6 के कार्यपालन अधिकारी श्री अतुल चोपड़ा सहित स्वच्छता अमला शामिल हुआ। इस अवसर पर शामिल युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## लक्ज़री लिविंग के लिए रायपुरियंस का नया पता द एड्रेस, अवंति विहार






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आर एण्ड जी ग्रुप द्वारा शहर के मध्य अवंति विहार में अल्ट्रा लक्ज़री लाइफस्टाइल के साथ एक क्लब रेजीडेंसी का नया एहसास, एक साथ ही कैंपस में सकुन देने वाला प्रोजेक्ट द एड्रेस ने अब अपना आकार लेना शुरु कर दिया है।

आर एण्ड जी ग्रुप के इस प्रोजेक्ट को पिता और पुत्री एक ऐसा ब्रांड बनाना चाहती है जिसका सपना देखा तो सभी ने है लेकिन साकार बहुत ही कम हो पाया। उसी सपने को पूरा करने के लिए ग्रुप के आर एण्ड जी ग्रुप के संचालक राजेश कुकरेजा और उनकी बेटी आर्टिटेक्ट व इंटीरियल डिजाइनर तमन्ना कुकरेजा ने अवंति विहार में द एड्रेस के साथ साकार करने का बीड़ा उठाया है।

राजेश कुकरेजा और तमन्ना कुकरेजा का मानना है कि घर केवल दीवारों से सजा होने के बजाय अपने सपने के अनुरूप सजा होना चाहिए और इसी सपने को साकार करता है द एड्रेस। द एड्रेसके बंगलों की डिजाइन ओनर्स फ्लोर कॉन्सेप्ट की तर्ज पर तैयार की गई है जो ऊंचाईयों पर रहकर बंगले में रहने का एहसास कराते है। यहाँ पर मॉडल बंगलों ऑन हाईट्स तैयार है, जहां एक फ्लोर पर 5500 स्क्वेयर फीट पर बने बंगले में बड़ा लिविंग रूम, डायनिंग हॉल, लक्ज़री बेडरू, किचन, बॉलकनी और अत्याधुनिक रूप से तैयार किया गया डिज़ाइनर बंगलों, चारों तरफ़ से ओपन घर, बेडरूम में अटैच्ड बालकनी जहां से शहर का नजारा देखने को मिलता है। इसके साथ ही क्लब हाउस और बच्चों के लिये प्ले जोन भी हैं। सीनियर सिटीजन का ध्यान रखते हुए इसकी डिजाइन तैयार की गई है जिसमें वे खुली प्राकृतिक सौंदर्यता का आनंद ले सकें। 60 लिमिटेड एडिशन वाले द एड्रेस में रहने वाले एक नया एहसास का अनुभव करेंगे।

द एड्रेस में अलग से एक टावर में लग्जरी बिजनेस टावर बनाया गया है जहां बिजनेस में अपने बिजनेस को एक नया आयाम दे सकते हैं। अत्याधुनिक इस बिजनेस टावर जोन में में स्वीविंग पुल, लाइब्रेरी, गेमिंग जोन है जहां सकुन के पल यहां बीता सकते हैं।

## स्वच्छता में ही भगवान का निवास होता है : रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता अभियान से जुड़ा श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री मोदी के 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान में मंदिरों व तीर्थस्थलों में स्वच्छता अभियान से जुड़ते हुए श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जैन मंदिरों में प्रतिदिन पक्षाल पूजा के साथ सफाई की जाती है, परन्तु आज विशेष रूप से पूरे मंदिर परिसर की सफाई में ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेन्द्र कोचर, ट्रस्टी नीलेश गोलछा, जय सांखला, भैरव सोसायटी निवासी संघ के राजेश गोलछा, जितेन्द्र गोलछा व अनेक श्राविकाओं ने भाग लिया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर न कहा कि स्वच्छता में ही भगवान का निवास होता है, श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा का ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर चमत्कारी जैन दादाबाड़ी के श्रद्धालुओं ने जिन मंदिर, अपने घरों में स्वच्छता का संकल्प लिया। श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर भैरव सोसायटी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में तीन दिवसीय रामलला महोत्सव का निर्णय लिया गया। जिसका आरम्भ 20 जनवरी को सम्पूर्ण क्षेत्र के घरों में रामचन्द्र जी की फ़ोटो युक्त ध्वज लगाकर होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में दीपक, दुपट्टा वितरण, भव्य श्री रामलला शोभायात्रा, प्रभावना वितरण, शुद्ध घी के दीपक से मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी व सोसायटी को प्रकाशमान किया जावेगा। कार्यक्रम हेतु नीलेश गोलछा, राजेश गोलछा, जितेन्द्र गोलछा को विशेष जवाबदारी दी गई है।

## विकसित भारत मे युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने में विद्यालयों की भूमिका अहम



**बलौदाबाजार, रावन ( विश्व परिवार )।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रावन में वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट रावन के यूनिट हेड राजेश शंकर ने शाला के विद्यार्थियों को अपने संबोधन में प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में अपने योगदान की संभावनाओं को तलाशिये। इसमें शालाओं की भी बड़ी भूमिका होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के प्राचार्य आनंद बंगल ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर के आयोजनों और विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संख्या दर्शनम के माध्यम से विविधता की जीवंत तस्वीर सामने आई जिसमे सभी समुदाय को एक साझा विरासत के उत्सव के रूप में एकजुट किया। यह कार्यक्रम बहुरूप दर्शक की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने परंपराओं, संगीत व नृत्य का मिश्रण प्रदर्शित किया। पारंपरिक लोकनृत्यों ने दर्शकों को मुग्ध कर दिया। हवा में गूंजती पारंपरिक लोक धुनों से लेकर कलात्मकता की समकालीन अभिव्यक्तियों तक संस्कृति के हर पहलू ने मंच पर अपनी जगह बनाई। शानदार वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति में जान फूंक दी। मुख्य अतिथि ने इस तरह के गरिमामय शानदार कार्यक्रम के आयोजन में शाला के सभी शिक्षकों के योगदान की सराहना की तथा शाला की उपलब्धियों के लिए शाला के प्राचार्य व अध्यापकों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी पहलुओं में प्रगति कर रहे प्रगतिशील भारत मे युवाओं की भूमिका के बारे में भी अपने विचार रखे। विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के लिए मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सभी विभाग प्रमुख, आमंत्रित नागरिक, अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शानदार संचालन शाला के ही छात्र छात्राओं ने बहुत ही आत्मविश्वास व प्रभावी ढंग से किया। शाला के ही छात्र सूरज राजेश ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया।

## कृष्णा विकास नेक्स्ट जेन स्कूल अढ़ावल में रही वर्षिकोत्सव की धूम

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शहर में संचलित कृष्णा विकास नेक्स्ट जेन स्कूल जगदलपुर में दिनांक 12 जनवरी को पहले वर्षिकोत्सव का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विकास कुमार जी (आईपीएस, सीएसपी जगदलपुर) विशिष्ट अतिथि श्री मदनलाल पारेख जी (संस्थापक अध्यक्ष आदेश्वर अकादमी), पदमश्री सम्मनित श्री धर्मपाल सैनी जी (समाज सेवक एवं शिक्षाविद), सुश्री नैना सिंह धाकड़ (पर्वतारोही), श्री डी. मुरली कृष्ण जी (चेयरमैन कृष्णा विकास ग्रुप), प्रबंध निदेशक श्री विवेक दसारी जी, निदेशक श्री डॉक्टर एस एन पंडा जी उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत तिलक लगा कर और पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य से किया गया दीप प्रज्ज्वलन सरस्वती वंदना के साथ किया गया, स्वागत भाषण महाप्रबंधक श्री अब्दुल रहीम मोहम्मद के द्वारा, स्कूल रिपोर्ट प्रिंसिपल श्री अनीश सिंह तथा श्रीमती रीता मंडाविया, धन्यवाद भूषण निर्देशक श्री एस एन पांडा के द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ अपने जीवन के अनुभव को साझा किया और उनके सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन में रहकर मेहनत करने, पलकों को अपने बच्चों को पढाई के अलावा दूसरी एक्टिविटी में भी प्रोत्साहित करने को कहा।

चेयरमैन श्री डी मुरली कृष्णा ने सभी को बेहतर शिक्षा देने के लिए अपने उद्देश्य को दोहराया, संस्था द्वारा विभिन्न गतिविधि में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया प्ले ग्रुप से बारहवी तक के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया और एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जिसका लुफ्त देर रात्रि तक अभिवावक उठते रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के सभी शिक्षकों ने महत्तवपूर्ण भूमिका अदा की बच्चों को डांस की ट्रेनिंग देने के लिए संस्था के मुख्य कार्यालय, बरगढ़ ओडिशा से बुलाया गया, शाला के डांस, आर्ट और म्यूजिक टीचर्स ने काफी मेहनत की यह कार्यक्रम आमचो बस्तर आमचो भारत के थीम पर आधारित था जिसका अनुभव संस्था प्रांगण में आने से लेकर कार्यक्रम के अंत तक अनुभव किया जा सकता था अंत में अध्यक्ष महोदय के द्वार कार्यक्रम का विश्लेषण कर अपने विचार भी व्यक्त किये गये तथा सभी का व्यक्तित्व रूप से प्रोत्साहन भी किया गया अब्दुल रहीम मोहम्मद जी एम कार्यकम समन्वय रहे।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

दैनिक विश्व परिवार

# विचार-पक्ष

रायपुर, सोमवार 15 जनवरी 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### विश्वास का सवाल है

प्रश्न यह है कि अगर किसी पार्टी ने अपना संविधान बदल दिया हो, तो पुराना संविधान किसी फैसले का आधार कैसे हो सकता है? यह विवाद का मुद्दा है। इसका अप्रिय पक्ष यह है कि इससे स्पीकर के पद पर विवाद गहराया है। महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर ने वही फैसला दिया, जिसका शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की तरफ से पहले से अनुमान लगाया जा रहा था। इस गुट ने एक दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट जाने का इरादा जता दिया था। फैसला आने के बाद पार्टी ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताया और एलान किया कि वह इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। जाहिर है, इस गुट को स्पीकर राहुल नार्वेकर की निष्पक्षता पर भरोसा नहीं था। ठीक ऐसी ही धारणा कई और हलकों में थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नार्वेकर ने अपना फैसला जिस आधार पर दिया, उससे इन हलकों में पहले से मौजूद संदेह को दूर करने में कोई मदद नहीं मिलेगी। नार्वेकर ने शिंदे बनाम उद्धव ठाकरे गुट में जारी विवाद पर फ़ैसला सुनाते हुए कहा कि शिंदे गुट ही असली शिवसेना मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि 21 जून 2022 को शिवसेना में फूट पड़ गई। उस समय उद्धव ठाकरे गुट के सचेतक सुनील प्रभु ने व्हिप जारी किया था। लेकिन नार्वेकर ने कहा कि जब उन्होंने यह कदम उठाया, तब वे सचेतक नहीं रह गए थे। नार्वेकर ने ये फ़ैसला शिवसेना पार्टी के 1999 के संविधान के आधार पर दिया है। जबकि उद्धव ठाकरे गुट ने अपना 2018 का संविधान नार्वेकर को सामने पेश किया था। उपलब्ध जानकारियों के मुताबिक 1999 के संविधान में प्रावधान है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शिवसेना का नेतृत्व करेंगे, जबकि 2018 में कहा गया कि पार्टी प्रमुख का फ़ैसला ही पार्टी का फ़ैसला होगा। लेकिन प्रश्न यह है कि अगर किसी पार्टी ने अपना संविधान बदल दिया हो, तो पुराना संविधान किसी फैसले का आधार कैसे हो सकता है? यह विवाद का मुद्दा है। इसका अप्रिय पक्ष यह है कि इससे स्पीकर के पद पर विवाद गहराया है। जिस समय तमाम पद और संस्थाओं पर एकपक्षीय होने का संदेह गहराता जा रहा है, इस विवाद से यह माहौल और संगीन होगा। इस नतीजे से एकनाथ शिंदे गुट के 16 विधायकों को राहत मिली है। वहीं ठाकरे गुट को झटका लगा है और उद्धव ठाकरे ने तो अब सवाल उठा दिया है कि भारत में लोकतंत्र रहेगा कि नहीं?

# राहुल का ही चेहरा है भाजपा के आगे

**अजीत द्विवेदी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से 'भारत न्याय यात्रा' पर निकलने वाले हैं। यह उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की दूसरी कड़ी है, जिसमें वे थोड़ी दूर पैदल चलेंगे और लंबी दूरी बस से तय करेंगे। हाइब्रीड मोड में होने वाली यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी। मार्च के मध्य में जब उनकी यात्रा का समापन होगा तब तक लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी होगी। जब इस यात्रा की घोषणा हुई तब ऐसा लगा था कि भाजपा इसे लेकर राहुल को निशाना बनाएगी। सोशल मीडिया में उनका मजाक उड़ाया जाएगा। इसे लेकर सवाल उठेगा कि जिस समय पूरे देश में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो रही होगी उस समय राहुल एक नई यात्रा पर निकलेंगे। राहुल की यात्रा को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम से ध्यान भटकाने साजिश करार दिया जाएगा। लेकिन आश्चर्यजनक तरीके से भाजपा इस मसले पर चुप रही है। छोटे-छोटे नेताओं या प्रवक्ताओं ने इस पर बयान दिया लेकिन बड़े नेता चुप रहे है और आईटी सेल ने भी इसका मुद्दा नहीं बनाया। इसका मतलब है कि भाजपा अभी राममंदिर के आयोजन से ध्यान नहीं भटकाना चाहती है। उसे पता है कि अगर वह राहुल की यात्रा को लेकर हमला करेगी और इस मसले पर कांग्रेस से उलझेगी तो फोकस राममंदिर से राहुल की यात्रा पर शिफ्ट हो जाएगा। अभी भाजपा को सारे संसाधन और सारी ताकत अयोध्या के कार्यक्रम पर लगानी है। पहले 16 से 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा और उसके बाद 25 जनवरी से देश भर में अयोध्या चलो का अभियान छेड़ा जाएगा। भाजपा देश भर के रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। इसके बीच राहुल की यात्रा की मीडिया कवरेज के लिए कांग्रेस को बहुत प्रयास करना होगा। अगर भाजपा यात्रा पर हमला करती है तो मजबूरी में मीडिया को उसे स्पेस देना होगा और फिर राहुल की यात्रा अपने आप खबरों में आएगी। इस तरह से कह सकते हैं कि राहुल ने चुनावी साल में और



कांग्रेस नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से 'भारत न्याय यात्रा' पर निकलने वाले हैं। यह उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की दूसरी कड़ी है, जिसमें वे थोड़ी दूर पैदल चलेंगे और लंबी दूरी बस से तय करेंगे। हाइब्रीड मोड में होने वाली यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी। मार्च के मध्य में जब उनकी यात्रा का समापन होगा तब तक लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी होगी। जब इस यात्रा की घोषणा हुई तब ऐसा लगा था कि भाजपा इसे लेकर राहुल को निशाना बनाएगी। सोशल मीडिया में उनका मजाक उड़ाया जाएगा।

भाजपा के सबसे बड़े आयोजन से ऐन पहले यात्रा का ऐलान करके भाजपा को कैच-22 सिचुएशन में डाल दिया है। ध्यान रहे भाजपा के नेता सचमुच यह मानते रहे हैं कि राहुल गांधी जब तक कांग्रेस के सर्वोच्च नेता रहेंगे और विपक्ष के सबसे मुख्य चेहरे के तौर पर चुनाव लड़ते रहेंगे तब तक भाजपा के लिए चुनावी लड़ाई बहुत आसान रहेगी। अनेक पत्रकार और स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं और तंज करते हुए लिखते-बोलते रहे हैं कि भाजपा के स्टार प्रचारक राहुल गांधी हैं। यह दावा किया जाता है कि वे जहां भी प्रचार करने जाते हैं वहां भाजपा जीतती है और उनकी बातों से भाजपा को फायदा होता है। मीडिया और सोशल मीडिया में प्रचार के जरिए इस धारणा को बहुत मजबूती से स्थापित किया गया है। इसके लिए राहुल के फर्जी वीडियो और गढ़े गए बयानों आदि का इस्तेमाल किया गया। भाजपा ने राहुल को 'पप्पू' साबित करने पर अधिकतम समय, श्रम और साधन खर्च किया। भाजपा को निश्चित रूप से इसका फायदा मिला लेकिन जिस तरह से हर दवा की एक्सपायरी डेट होती है वैसे ही हर प्रचार या रणनीति की भी एक्सपायरी डेट होती है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा को अब लगने लगा है कि राहुल के लिए जो रणनीति अपनाई गई थी उसका अधिकतम फायदा लिया जा चुका और अब उस रणनीति से राहुल से मुकाबला आसान नहीं होगा। तभी अब राहुल के खिलाफ भाजपा के राजनीतिक अभियान की दिशा बदल रही है। एक समय था, जब राहुल से लड़ना बहुत आसान था क्योंकि ज्यादातर युवा और देश की बड़ी आबादी उनको गंभीरता से नहीं लेती थी। लेकिन धीरे धीरे स्थितियां बदलती गईं और भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल को गंभीरता से लिया जाने लगा। तभी पिछले एक साल में कई बार भाजपा नेताओं के ऐसे बयान सुनने को मिले कि राहुल गांधी अगर प्रधानमंत्री बन गए तो देश में क्या हो सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई जगह अपने भाषणों में कहा कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन गए तो तो देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। सोचें, जब राहुल गांधी के रहने से भाजपा को फायदा होता है, वे भाजपा के स्टार प्रचारक हैं, जहां भाषण देते हैं वहां भाजपा की जीत सुनिश्चित करते है तो उनके होते कांग्रेस कैसे सकती है और वे कैसे प्रधानमंत्री बन सकते हैं? भाजपा के नेता अगर राहुल के प्रधानमंत्री बनने का भय जनता को दिखा रहे हैं तो इसका मतलब है कि कहीं न कहीं भाजपा नेताओं के मन में राहुल को लेकर चिंता पैदा हो रही है। उनको लग रहा है कि राहुल चुनौती बन रहे हैं। भाजपा ने उनको गंभीर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मान लिया है। यही कारण है कि राहुल पर अब गंभीर राजनीतिक हमले हो रहे हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा ने जिस तरह से राहुल गांधी को निशाना बनाया वह इस बात का संकेत है कि राहुल अब गंभीर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। उनके बारे में पहले यह प्रचारित किया गया कि तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद राहुल विदेश दौरे पर चले गए। हालांकि यह बात गलत साबित हुई। उसके बाद भाजपा ने संसद में पैदा हुए गतिरोध का ठीकरा राहुल के ऊपर फोड़ा। जबकि हकीकत यह है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगी थी। चार लोग संसद परिसर में घुस गए थे, जिनमें से दो लोग दर्शक दीर्घा से लोकसभा के अंदर कूद गए और सदन में धुआं फैला दिया।

## विचार

### भूटान: तॉबगे की वापसी

अब भूटान में नई सरकार बनेगी, लेकिन उससे उसकी विदेश नीति पर ज्यादा फर्क पड़ने की संभावना नहीं है। वहां निर्वाचित सरकारों की सीमित भूमिका ही होती है। हाल के वर्षों में भूटान ने अपेक्षाकृत ज्यादा स्वायत्त रुख अपनाने की कोशिश की है। भूटान में नई संसद के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री शेरिंग तॉबगे की पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को बड़ी जीत मिली है। उसे सदन के 47 में से 30 सीटें मिलीं। मैदान में दूसरा राजनीतिक दल भूटान टेंड्रेल पार्टी (बीटीपी) थी। उसे 17 सीटें मिली हैं। भूटान में संसदीय चुनाव दो चरणों में होता है। पहले चरण का मतदान नवंबर में हुआ था, जिसमें वर्तमान सत्ताधारी पार्टी हार गई थी। तब वोट प्रतिशत के लिहाज से सबसे ऊपर पीडीपी और बीटीपी रही थीं। दूसरे दौर का नतीजा घोषित होने के बाद अब भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक नई सरकार बनाने का न्योता तॉबगे को देंगे। भूटान संवैधानिक राजतंत्र है। 2008 में वहां संसद का गठन हुआ था। इस बार के उसके चुनाव पर खास नजर दक्षिण एशिया में उभर रही नई भू-राजनीतिक स्थितियों के कारण थी। भूटान, भारत और चीन के बीच सीमा से जुड़े विवाद ने हाल में नाटकीय मोड़ लिया है। छह साल पहले डोकलाम में भारत और चीन के बीच सैनिक टकराव की स्थिति बनी थी, जहां इन तीनों देशों की सीमा मिलती है। उसके बाद भूटान की नीति में बदलाव देखा गया है। पिछली सरकार ने चीन के साथ सीमा वार्ता को आगे बढ़ाया। गुजरे वर्ष खबर आई थी कि दोनों देश समझौते के करीब हैं। इस खबर से भारत में असहजता पैदा हुई थी। अब भूटान में नई सरकार बनेगी, लेकिन उससे उसकी विदेश नीति पर ज्यादा फर्क पड़ने की संभावना नहीं है। वहां निर्वाचित सरकारों की सीमित भूमिका ही होती है। हाल के वर्षों में भूटान ने अपेक्षाकृत ज्यादा स्वायत्त रुख अपनाने की कोशिश की है। वह भारत की छाया से निकलने की कोशिश करता दिखा है। पिछले साल भूटान के प्रधानमंत्री ने कहा था कि डोकलाम विवाद सुलझाने में उनका देश, भारत और चीन बराबर के साझेदार हैं। इस तरह उन्होंने इसमें चीन को भारत के समकक्ष बता दिया था। सिलिगुड़ी गलियारे की सुरक्षा और उत्तर पूर्वी हिस्से के साथ संपर्क के लिहाज से भारत के लिए डोकलाम काफी संवेदनशील स्थान है। इसलिए भारत चाहेगा कि भूटान की नई सरकार भारत के सामरिक हितों का ध्यान रखे।

### अयोध्या पर कांग्रेस की दयनीय राजनीति

व्यापक रूप से धर्म और खासतौर से अयोध्या पर कांग्रेस की दुविधा चिरंतन है। वह कभी खत्म नहीं होती है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी और पीवी नरसिंह राव से लेकर राहुल गांधी तक कांग्रेस की यह दुविधा कायम है और समय के साथ यह दुविधा कांग्रेस को लगातार कमजोर करती जा रही है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि कांग्रेस की इस दुविधा ने भाजपा को मजबूत होने में सबसे ज्यादा मदद की है। भाजपा जब लोकसभा की दो सीटों के साथ सबसे कमजोर स्थिति में थी तभी दुविधा के शिकार राजीव गांधी ने अयोध्या में राममंदिर का ताला खुलवाया था। वे शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की ऐतिहासिक गलती कर चुके थे और उसकी भरपाई के लिए राम मंदिर का ताला खुलवाया था। पर उसके बाद कांग्रेस को न माया मिली और न राम। अब राहुल गांधी की कमान वाली कांग्रेस ने फैसला किया है कि सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को 'भाजपा और आरएसएस की राजनीतिक परियोजना' बताते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण को 'ससम्मान अस्वीकार' कर दिया है। कांग्रेस को यह निमंत्रण दिसंबर में मिला था और इसे अस्वीकार करने का फैसला करने में उसने 20 दिन का समय लिया। जाहिर है कि किसी भी वैचारिक या राजनीतिक मसले पर फैसला लेने में इतना समय तभी लगता है, जब स्पष्टता न हो। कांग्रेस की वैचारिक अस्पष्टता कई और तरह से दिखी है। जैसे अक्टूबर में जब ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रधानमंत्री से मिले और उनको रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का न्योता दिया तब कांग्रेस के नेता सलमान खुर्शीद ने कहा था कि 'न्योता सिर्फ एक पार्टी को क्यों दिया जा रहा है'।

# गोल्डन ग्लोब्ससे आस्कर के संकेत?

**श्रुति व्यास,**

वर्ष का यह वह समय है जब दुनिया भर में फिल्म पुरस्कारों की घोषणा होती है। सिनेमा दर्शक विजेताओं की सूची खंगालते होते है और नज़र रेड कार्पेट पर रहती है। वर्ष का पहला आयोजन ङ्क गोल्डन ग्लोब्सङ्क नए साल के पहले रविवार को हुआ और पिछली गर्मियों का 'बारबेनहाईमर' बुखार, पुरस्कारों के ताजा दौर में भी दिखा। कई अन्य शानदार फिल्मों जैसे 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून', 'माइस्ट्रो', 'पुअर थिंग्स', 'एनाटामी ऑफ फॉल', 'मे दिसंबर', 'पास्ट लाईव्स' के बावजूद 'बार्बी' एवं 'ओपेनहाईमर' के पुरस्कार हासिल करने के कयास लगाए जा रहे थे। पहले थोड़ी चर्चा गोल्डन ग्लोब्स की। अतीत में इन पुरस्कारों की जम कर निंदा और आलोचना हुई है। गोल्डन ग्लोब्स पुरस्कार देने वाली संस्था हालीवुड फॉरेन प्रेस एसोसिएशन (एचएफपीए) 2021 में तब विवादों में घिर गई थी जब उस पर भ्रष्टचार और विजेताओं के चुनाव के लिए मतदान करने वाले पैनल में विविधता की कमी के आरोप लगे थे। इसके नतीजे में 2022 का आयोजन अपेक्षाकृत बहुत छोटे स्तर का कर दिया गया ताकि चीज़ों को सुधारा जा सके। और इस वर्ष इस आयोजन ने तूफानी वापसी की। लॉस एंजेल्स के बेवरली हिल्टन में हुआ तीन घंटे का यह आयोजन, हालीवुड प्रेस एसोसिएशन के भंग होने और एक निजी इक्विटी फर्म व डिक क्लार्क प्रोडेक्शन्स द्वारा अवार्ड्स का संभालने का बाद का पहला आयोजन था। अब उसमें 76 देशों के 300 सदस्य हैं और वह सदस्यों की पृष्ठभूमि की दृष्टि से विविधतापूर्ण है। सन् 2024 के नॉमिनेशन्स से यह जाहिर हुआ है कि नई और बड़ी चयन समिति मोटे तौर पर लीक पर ही चली हालाँकि कुछ चौंकाने वाला भीथा। जैसे पिछले साल सूची में एक भी महिला निर्देशक नहीं थी। लेकिन इस साल ऐसा नहीं है। ग्रेटा गर्विक ('बार्बी') और सलीन सोंग ('पास्ट लाईव्स') सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार के लिए लाइन में थीं। एक और आश्चर्य था 'पास्ट लाइव्स, जो कि जटिल प्रेम त्रिकोण में फंसे एक कोरियाई प्रवासी की कहानी है का अन्य श्रेणियों में भी नामांकन। एक अन्य आश्चर्य था टेलर स्विफ्ट की फिल्म ('टेलर स्विफ्ट- द एरास टूर') को नामांकित करने के लिए एक नयी श्रेणी, 'सिनेमेटिक एंड बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट' का निर्माण। इस श्रेणी में पुरस्कार अंततः बार्बी को मिला। बारबेनहाईमर 2023 की गर्मी से ही चर्चाओं के केन्द्र में है। महामारी के बाद रिलीज़ होने वाली ये पहली फिल्म थीं और इस बात का इम्तहान थीं कि क्या दर्शकों को दुबारा सिनेमाघरों की ओर आकर्षित किया जा सकेगा। और ये लेखकों की हड़ताल के पहले की आखिरी फिल्में थीं। जहाँ बार्बी दर्शकों को आनंदित करने वाली फिल्म थी, जो बाद में बाक्स आफिस पर हिट रही, वहीं 'ओपनहाईमर' एक गंभीर फिल्म थी, जिसकी चर्चा मुख्यतः उसके निर्देशक क्रिस्टोफर नोलान के कारण हुई। नोलान पारंपरिक कथानकों से बखूबी खेलते हैं और अवचेतन मन और सैद्धांतिक खगोल भौतिकी जैसे दुरूह विषयों पर फिल्मों का निर्देशन करते रहे हैं। ओपेनहाईमर समीक्षकों की पसंदीदा फिल्म बनी और बार्बी, इस प्रसिद्ध गुडिया के युवा प्रशंसकों और उनके अभिभावकों की। लेकिन गोल्डन ग्लोब्स में सबसे बड़ी विजेता रही 'ओपेनहाईमर'।उसने पांच पुरस्कार हासिल किए, जिनमें सर्वोत्तम कहानी, सर्वोत्तम अभिनेता (सिल्लियन मर्फी) सर्वोत्तम गीत (लुडविग गोरंस्सों) सर्वोत्तम सहायक अभिनेता (रोबर्ट डाउनी जूनियर) और सर्वोत्तम निर्देशक (क्रिस्टोफर नोलान) शामिल हैं। हालांकि ओपेनहाईमर का मुख्य मुकाबला मार्टिन स्कोर्सेसे की किलर्स ऑफ द फ्लावर मून से था, मगर उसे केवल एक पुरस्कार मिल सका ङ्क सर्वोत्तम अभिनेत्री के लिए लिली ग्लोडस्टोन को। ग्लोडस्टोन, जीतना तो दूर, नामांकित होने वाली पहली अमेरिका की मूलनिवासी कलाकार हैं। संभवतः नई, पुनगर्ठित हालीवुड फारेन प्रेस एसोसिएशन के कारण अन्य देशों की फिल्मों को कई पुरस्कार हासिल हुए, जिनमें सबसे आश्चर्यजनक था फ्रेंच फिल्म एनाटामी ऑफ ए फाल के लिए जस्टिन ट्राईट और आर्थर हरारी को सर्वोत्तम स्क्रीनप्ले का पुरस्कार, जो उसे बार्बी, किलर्स ऑफ द फ्लावर मून और ओपेनहाईमर से मुकाबला करते हुए हासिल हुआ। महामारी के बाद रिलीज़ होने वाली ये पहली फिल्म थीं और इस बात का इम्तहान थीं कि क्या दर्शकों को दुबारा सिनेमाघरों की ओर आकर्षित किया जा सकेगा। और ये लेखकों की हड़ताल के पहले की आखिरी फिल्में थीं। जहाँ बार्बी दर्शकों को आनंदित करने वाली फिल्म थी, जो बाद में बाक्स आफिस पर हिट रही, वहीं 'ओपनहाईमर' एक गंभीर फिल्म थी, जिसकी चर्चा मुख्यतः उसके निर्देशक क्रिस्टोफर नोलान के कारण हुई। नोलान पारंपरिक कथानकों से बखूबी खेलते हैं और अवचेतन मन और सैद्धांतिक खगोल भौतिकी जैसे दुरूह विषयों पर फिल्मों का निर्देशन करते रहे हैं। ओपेनहाईमर समीक्षकों की पसंदीदा फिल्म बनी और बार्बी, इस प्रसिद्ध गुडिया के युवा प्रशंसकों और उनके अभिभावकों की। साथ ही उसे सर्वोत्तम गैर-अंग्रेजी फिल्म का पुरस्कार भी मिला। जापानी निदेशक हेयो मियाजाकी की फिल्म 'द बॉय एंड द हेरोन' को सर्वोत्तम एनीमेशन के लिए पुरस्कृत किया गया। टीवी सीरियलों के वर्ग में ज्यादातर पुरस्कार 'सक्सेशन' ने हासिल किए। गर्मियों का 'बारबेनहाईमर' माहौल, पुरस्कारों के इस पहले दौर में केवल ओपेनहाईमर के लिए बना रहा। लेकिन क्या गोल्डन ग्लोब्स, आगे आस्कर के संभावित विजेताओं के बारे में भी कोई संकेत देता है?

# खरी बात करने वाले राष्ट्रपति जेवियर!

**श्रुति व्यास**

अर्जेन्टीना के नए राष्ट्रपति जेवियर मिलेई अपनी जनता से खरी-खरी बातें करते हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में देश को दशकों की ''अवनति और गिरावट की स्थिति से बाहर लाने का संकल्प किया है, लेकिन उन्होंने कोई लुभावने वायदे या आशाएं नहीं जगाई हैं। पदग्रहण के दिन उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा ''मितव्ययिता का कोई विकल्प नहीं है। इसके तुरंत बाद कामकाज शुरू हो गया।12 दिसंबर को नए वित्तमंत्री लुईस केपिटो ने कई आमूल आर्थिक सुधारों की घोषणा की। उन्होंने पेसो के 50 प्रतिशत से अधिक अवमूल्यन की घोषणा की और बिजली और परिवहन पर दिए जा रहे अनुदान में कमी करने की बात कही। सरकारी मंत्रालयों की संख्या 18 से घटाकर 9 करने, सार्वजनिक कार्यों को स्थगित करने और अर्जेन्टीना के 23 प्रांतों को दिए जा रहे संघीय अनुदान में कमी करने का अलग ऐलान किया। सरकार का अनुमान है कि इन कदमों से जीडीपी के लगभग 3 प्रतिशत के बराबर बचत होगी। मिलेई, जो पहले एक सक्रिय टीवी सितारे थे और जिन्हें एल लोको या मेडमेन के नाम से जाना जाता है, ने अपने चौंकाने वाले निर्वाचन की तुलना सोवियत संघ के पतन की शुरूआत से की ''जैसे बर्लिन की दीवार का पतन दुनिया के एक त्रासदीपूर्ण दौर समाप्त होने का संकेत था, वैसे ही हमारे यहां के चुनाव देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि वे ''एड़ी-चोटी का जोरलगाकर देश को ''शांति और समृद्धि के एक युग में ले जाएंगे। मिलेई की जीत और उनके सख्त कदमों का जितना तिरस्कार हुआ उससे कहीं ज्यादा वाहवाही हुई, क्योंकि मिलेई का कोई विकल्प नहीं है। मिलेई एक लोकप्रिय नेता हैं और उनकी तुलना अन्य दक्षिणपंथी लोकप्रिय नेताओं जैसे डोनाल्ड ट्रंप और जेयर बोसोनेरो से की जाती है। कुछ अन्य लोग इस



अनापेक्षित कार्य करने वाले अर्थशास्त्री बोरिस जानसन और हत्यारी गुड़िया चकी का मिश्रण बताते हैं। वे स्वयं को ''अराजक पूंजीवादी कहते हैं जिसने इस धारणा के जरिए मतदाताओं से भावनात्मक संबंध जोड़ लिए कि विशेषाधिकार प्राप्त 'जाति' के राजनीतिज्ञ साधारण लोगों के धन की चोरी करते हैं। यह धारणा सारी दुनिया के बहुत से देशों के मतदाताओं के विचारों में प्रतिध्वनित होती है। मिलेई अर्जेन्टीना को ''अवनति और गिरावट से बाहर लाने के लिए जो कदम उठाना चाहते हैं उनमें हैं समाज कल्याण संबंधी खर्चों में भारी कमी लाना, अर्जेन्टीना के केन्द्रीय बैंक का अस्तित्व समाप्त करना, अर्थव्यवस्था का डालरीकरण और बड़ी कटौतियां करने के अपने इरादे के प्रतीक के रूप में वे अपने हाथों में बड़ी आरी पकड़ चुके हैं। उन्हें विश्वास है कि इनसे अर्थव्यवस्था में स्थिरता आएगी। बेलगाम महंगाई काबू में आ सकेगी। वे अर्जेन्टीना के 1976-83 के तानाशाही शासन के अपराधों को भी कम करके आंकने, मानव अंगों के व्यापार को वैधानिक दर्जा देने और अर्जेन्टीना के दो सबसे बड़े व्यापारिक साझीदारों चीन और ब्राजील से संबध घटाने के लिए भी संकल्पित हैं। लेकिन मिलेई के लिए यह सब करना आसान नहीं होगा। मुश्किल आर्थिक सुधारों को पारित कराने के लिए उन्हें कांग्रेस की स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। उनके गठबंधन के पास वर्तमान में सीनेट की केवल 10 प्रतिशत और निचले सदन की 15 प्रतिशत सीटें हैं। मिलेई, जो पहले एक सक्रिय टीवी सितारे थे और जिन्हें एल लोको या मेडमेन के नाम से जाना जाता है, ने अपने चौंकाने वाले निर्वाचन की तुलना सोवियत संघ के पतन की शुरूआत से की ''जैसे बर्लिन की दीवार का पतन दुनिया के एक त्रासदीपूर्ण दौर समाप्त होने का संकेत था, वैसे ही हमारे यहां के चुनाव देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि वे ''एड़ी-चोटी का जोरलगाकर देश को ''शांति और समृद्धि के एक युग में ले जाएंगे। मिलेई की जीत और उनके सख्त कदमों का जितना तिरस्कार हुआ उससे कहीं ज्यादा वाहवाही हुई, क्योंकि मिलेई का कोई विकल्प नहीं है। मिलेई एक लोकप्रिय नेता हैं और उनकी तुलना अन्य दक्षिणपंथी लोकप्रिय नेताओं जैसे डोनाल्ड ट्रंप और जेयर बोसोनेरो से की जाती है। सरकार का अनुमान है कि इन कदमों से जीडीपी के लगभग 3 प्रतिशत के बराबर बचत होगी। मिलेई, जो पहले एक सक्रिय टीवी सितारे थे और जिन्हें एल लोको या मेडमेन के नाम से जाना जाता है, ने अपने चौंकाने वाले निर्वाचन की तुलना सोवियत संघ के पतन की शुरूआत से की ''जैसे बर्लिन की दीवार का पतन दुनिया के एक त्रासदीपूर्ण दौर समाप्त होने का संकेत था, वैसे ही हमारे यहां के चुनाव देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि वे ''एड़ी-चोटी का जोरलगाकर देश को ''शांति और समृद्धि के एक युग में ले जाएंगे। मिलेई की जीत और उनके सख्त कदमों का जितना तिरस्कार हुआ उससे कहीं ज्यादा वाहवाही हुई, क्योंकि मिलेई का कोई विकल्प नहीं है।उन्हें मध्य-दक्षिणपंथी गठबंधन टुगेदर फॉर चेंज और मध्यमार्गी पेरोनिस्टस से मोलभाव करना पड़ेगा। अनुदानों को खत्म करने और पेसो के अवमूल्यन से शुरू में महंगाई बढ़ेगी। किफायत करने के कदमों के नतीजे में विरोध प्रदर्शन हो सकते हैं। लेकिन अर्जेन्टीना की जनता ने बदलाव के पक्ष में मत दिया है और उनका मानना था देश टाइटेनिक की तरह डूब रहा है। इसलिए कई लोग त्याग करने और तकलीफें झेलने को तैयार हैं ताकि सुरंग के अंत में रोशनी नजर आ सके। अर्जेनटीना की जनता बदलाव चाहती है और कड़े कदम उठाने के बावजूद मिलेई को बदलाव के वास्तुकार के रूप में देखा जा रहा है। इसमें कोई शक नहीं कि अर्जेनटीना एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है जो उसे प्रगति की ओर ले जा सकता है या और अधिक उथल पुथल की ओर भी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेजान पंछियों की जान बचाकर मनाये मकर संक्रांति : आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी ( विश्व परिवार )।** भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भक्तों को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि आपका जीवन पतंगों की तरह खुशियों से सरोबार हो और आप पतंग की तरह दिन दूनी, रात चौगुनी आसमान की ऊंचाइयों को छुये व साथ में सदैव प्रसन्नचित्त रहे। जिसे कही भी अगर पतंग की उलझी डोर नजर आये उसे आप समेट कर कूड़े दान में डालकर एक पुण्य के कार्य में सहभागी बने। ऐसी डोर में अक्सर बेजान पंछी उलझ जाते है और जान गंवा देते है। हमें खुशियां किसी को परेशान करके नहीं बल्कि सबको खुशी देकर मनानी है। विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर जितेंद्र जैन मारोठ वाले मालवीय नगर, जयपुर एवं ज्ञानचंद जैन चनानी वाले लालकोठी, जयपुर ने माताजी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आर्यिका संघ को वस्त्र भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त किया। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

### कुडलपुर में 17 जनवरी को श्री बड़े बाबा उच्चासन दिवस मनाया जाएगा

**कुंडलपुर दमोह ( विश्व परिवार )।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में 17 जनवरी को श्री बड़े बाबा उच्चासन दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा ज्ञात हो कि 18 वर्ष पूर्व 17 जनवरी सन 2006 में पूज्य बड़े बाबा नवनिर्माणाधीन बड़े बाबा मंदिर के उच्च आसन पर विराजमान हुए थे इस अवसर पर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ससंघ के साथ हजारों लोग इस अभूतपूर्व दृश्य के साक्षी बने थे। 17 जनवरी 2024 को प्रात: भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन होगा इस अवसर पर श्री बड़े बाबा महामंडल विधान का आयोजन होगा। दोपहर में मिष्ठान वितरण होगा। सायंकाल भक्तांमर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुंडलपुर पधारकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।



## मुनि श्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- लौटा दो मुझे मेरा भारत

**कन्नड़ ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए बोले कि अब आगे नहीं वापस लौट चलो। इतिहास को देखो- विज्ञान के चक्कर में मत आओ। पीछे भी देखो- पिछलग्गु न बनो-पीछे रहोगे। हमारे दादा जी के पहले मोटा खाते थे मोटा पहनते थे। ध्यान रखना शिक्षा को संस्कारित किये बिना कभी भी ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। संकल्प की चुम्बक से शिक्षा और संस्कार को जोड़ देना है। मुनिश्री जी ने इतिहास को लौटाने हेतु विद्यालय हेतु अपने करकमलों से वाइस प्रिंसीपल को लगभग 20 पुस्तकें दी जिनको पढ़कर हम अपने सोये हुए शेर को जगा सकते हैं। स्वाभिमान को जागृत कर सकते हैं। पूज्यश्री जी के संबोधन (प्रवचन) से सब भीतर तक भीग गये एवं शराब, सिगरेट, गुटखा, तम्बाकू एवं ड्रग्स का आजीवन त्याग कराया। गुरूदेव के हायकू से अंत में बात पुरी की- हम अधिक पढ़े-लिखे हैं, कम समझदार विदेशी शिक्षा नीति से हम कभी ऊंचे नहीं उठ सकता है।



**प्राइयोरटी एवं सेकण्डरी को समझें :** संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक, शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि जीवन में प्रायोटरी को समझे। हमारी प्राथमिकता आत्मकल्याण है बाकी सब सेकेण्डरी है। पूज्यश्री ने कहा कि रिचनेस को नहीं हैप्पीनेस को प्राथमिकता दें। सत्ता को नहीं संबंधों को प्राथमिकता बनायें। रामजी ने संबंध को मुख्य माना सत्ता को नहीं रामायण की रचना हुई एवं दुर्योधन ने संबंधों को गौण माना जबकि सत्ता को प्रमुख माना तो परिणाम भी मालुम है- महाभारत खड़ी गई है। ध्यान रखना धर्म सदैव इम्पीररेंट है, बाकी कार्य अर्जेण्ट हो सकते हैं, पर इम्पारेरन्ट नहीं। मुनिश्री जी ने आचार्यश्री का हायकू लिया- एकता में ही अनेकांत फले सो, एकांत टले, अंत मतलब धर्म अनेकांत यानि अनेक धर्म उन अनेक धर्मों को एक साथ स्वीकार करना एकता में ही है इसलिए एकांत से बचों। मुख्य है उसी के साथ गौण भी है शून्य नहीं है। **-विद्यावाणी संकलन**

## 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलशो से अभिषेक कर विश्व में शांति सद्भावना समृद्धि हेतु शांति धारा की गई

### दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में मनाया गया मकर संक्रांति पर्व



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर में आज मकर संक्रांति पर्व पर दिनाँक 14/01/2024 तिथि पौष शुक्ल चतुर्थी, वीर निर्माण संवत 2250 रविवार को 23 वे तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ भगवान का रजत कलशो से अभिषेक किया गया। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय नायक जैन ने बताया कि आज मकर संक्रांति पर्व पर सुबह 8 बजे पार्श्वनाथ भगवान की बेदी के समक्ष 23 वे तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का रजत कलशों से अभिषेक किया। साथ ही सम्पूर्ण विश्व में शांति, सद्भावना, समृद्धि के लिए चमत्कारी कष्ट निवारकर शांति प्रदाता शांति धारा की गई। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य विजय जैन को प्राप्त हुआ तत्पश्चात आरती पूजन कर महा अर्घ्य चढ़ा कर विसर्जन किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित थे जिस प्रकार मकर राशि में प्रवेश करने से सूर्य का तेज बढ़ता है, उसी प्रकार आपका वैभव, यश, मान-सम्मान बढे ऐसी हमारी कामना है।साथ ही अध्यक्ष संजय जैन नायक ने कहा कि जिस प्रकार उत्तरायण का सूर्य आपके स्वप्नों को नयी ऊष्मा प्रदान करे, आपके यश एवम् कीर्ति में उत्तरोत्तर वृद्धि हो, आप परिजनों सहित स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों, इसी प्रार्थना के साथ मकर संक्रान्ति के पावन पर्व की सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। **-संजय जैन, प्रणीत जैन**

## दर्शनोदय तीर्थ थूवौन जी वार्षिक मेला पर उमड़ा भक्तो का समूह, निकली मुनि श्री के सान्निध्य में श्री जी की भव्य शोभायात्रा

### तीर्थ क्षेत्र का विकास के साथ कायाकल्प होना चाहिए- सांसद

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ दर्शनोंदय अतिशय क्षेत्र थूवोनजी का वार्षिक मेला महोत्सव एवं श्री मद् जिनेन्द्र विमानोत्सव का भव्य आज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 पद्मसागरजी महाराज के सान्निध्य में प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया शुयस के कुशल मार्गदर्शन में दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के महामस्तिभिषेक कमेटी के आडिटर राजीवचन्देरी एवं कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल को करने का सौभाग्य प्राप्त किया वहीं ध्वजारोहण कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई के साथ कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल विजय धुर्रा आडिटर राजीवचन्देरी शैलेन्द्र दददा विनोद मोदी कोषाध्यक्ष सौरववाझल दारा प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया शुयस के मंत्रोच्चार के वीच किया गया।

महा मस्तिष्काभिषेक के वाद भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें आगे बैन्ड वाज़े उनके पीछे वालिका नृत्य मंडल उनके पीछे गांव मन्दिर का वाल दल उसके पीछे डांडिया नृत्य करते हुए श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग महिला मंडल सभी को आकर्षित कर रहा था उनके पीछे लेजम चलाते हुए श्री सुधासागर महिला मंडल उनके पीछे गरवा नृत्य करते हुए श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की वहनए चल रही थी उनके पीछे चन्देरी सेवा दल उनके वाद अशोक नगर आर्जव दिव्य घोष उनके पीछे मुनि श्री पद्मसागरजी महाराज के आगे आगे श्री वीर सेवा दल मुंगावली सभी के आकर्षण का केन्द्र वना था यह शोभायात्रा आचार्य श्री विद्यासागर जी सभागार में जाकर धर्मसभा में वदल गई।



आचार्य श्री व मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से आगे बढ़ रहे हैं। जहां मध्य प्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं मुनिपुंगव श्रीसुधासागर जी महाराज के मार्गदर्शन में तीर्थ क्षेत्र निरन्तर प्रगति कर रहा है हमारी भावना है कि तीर्थ क्षेत्र से सभी जुड़े महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि हमारे वीच सभी अतिथि आये इनका हृदय भाव से स्वागत है मंत्री विनोद मोदी ने कहा कि आप सभी जन प्रतिनिधियों के सहयोग से हम तीर्थ क्षेत्र को और भी अच्छा वनायेगे शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के वीच आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण व दीप प्रज्जवलित किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री ब्रजेन्द्र सिंह यादव सांसद डॉ. केपी यादव अशोक नगर विधायक हरिवावू राय रामराजा यादव का सम्मान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू महामंत्री विपिन सिंघाई के साथ किया गया अशोक नगर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया का सम्मान साल श्री फल प्रश्सति पत्र भेट कर किया नपा उपाध्यक्ष श्री मति श्वेता मनीष कुमार मोदी मुंगावली अशोक नगर समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल का सम्मान कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टिंगू मिल उपाध्यक्ष राकेशअमरोद धर्मेन्द्र रोकड़िया गिरिष जैन महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई प्रदीप जैन रानी कोषाध्यक्ष सौरव वाझल प्रचार मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचंनार आडिटर राजीवचन्देरी ने सहित अन्य सदस्यों ने किया। वमान महोत्सव की सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री पद्मसागरजी महाराज ने कहा थूवोनजी तीर्थ क्षेत्र का विकास बहुत अच्छी तरह से हो रहा है जिस दिन मुनिश्री सुधा सागरजी महाराज का पदार्पण हो जाये फिर देखना थूवोनजी कहा पहुंचता है मुझे पूरा विश्वास है कि महाराज श्री इस क्षेत्र में आयेंगे। **-विजय धुर्रा**

## देश में अनेक महापुरुषों ने देश के साथ आत्मा को भी स्वाधीन कराया : आचार्यश्री वर्धमानसागर जी महाराज




**सलूंबर ( विश्व परिवार )।** राजस्थान के साथ देश के शूरवीरों ने बाहरी लुटेरो आक्रमणकारियो से देश, धर्म, और संस्कृति की रक्षा बलिदान के माध्यम से की। राजस्थान में जैन भामाशाह ने देश राज्य धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए अपनी पूरी संपत्ति न्योछावर कर दी हाडा रानी जैसी महिलाएं बहुत कम अपितु नहीं के बराबर है, जिन्होंने देश प्रदेश की रक्षा के लिए आदर्श उपस्थित किया। स्मारक में हाडा रानी के शौर्य कहानी को चित्रों के माध्यम से अंकित करना चाहिए ताकि देश ही नहीं विदेश के लोग भी इसके त्याग बलिदान, राष्ट्र धर्म से प्रेरणा ले सके यह मंगल देशना जैन आचार्य पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने हाडा रानी पुष्पांजलि कार्यक्रम में व्यक्त की। ब्रह्मचारी गजू भैय्या, राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री ने उपदेश में बताया कि आज संक्रांति दिवस है जिसका अर्थ जीवन में परिवर्तन होता है अब सूर्य 6 माह के लिए उत्तरायण होगा अब उत्तर में सूर्य उदित होकर उत्तर में अस्त होगा। सूर्य से प्रकाश और ऊर्जा मिलती हैं।भारत का इतिहास पुरुषो के साथ महिलाओ के अनुकरणीय गौरव शाली योगदान से सज्जित है दक्षिण भारत में भी महिला रानी ने अनेक बार युद्ध कर देश राज्य की रक्षा की।उत्तर भारत में झांसी की रानी के शोर्य बलिदान से सब परिचित हैं सलूंबर की हाडा रानी ने देश हित में राष्ट्र धर्म, शील और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना स्वयं बलिदान कर आदर्श प्रस्तुत किया। स्वाधीनता का आशय हम अपना कार्य धर्म स्वतंत्रता से करे। इस भारत देश में अनेक महापुरुषों चक्रवती, नारायण, बलभद्र हुए हैं जिन्होंने देश के साथ अपनी आत्मा को भी स्वाधीन कराया है।आचार्य श्री के प्रवचन के पूर्व मुनि श्री हितेंद्र सागर जी का उपदेश हुआ। देशव्रती हुकमीचंद प्रभुलाल दोषी, ने बताया कि उप खंड स्तरीय पर्यटन विकास समिति सलूंबर एवम् वीरांगना हाडा रानी गौरव संस्थान के तत्वाधान में वीरांगना हाडा रानी स्मारक सलूंबर प्रतिमा स्थापना दिवस मकर संक्रांति पुष्पांजलि कार्यक्रम अंतर्गत 14 जनवरी 2024 रविवार को रावली पोल पर हाडा रानी पुष्पांजलि कार्यक्रम जैन आचार्य श्री वर्धमान सागर जी संघ के गौरवमय सानिध्य आयोजित किया गया। **-राजेश पंचोलिया**

## श्री अय्यप्पा मंदिर टाटीबंध में आज मकर संक्रांति पर आम लंगर एवं दीप अलंकार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सोमवार, 15 जनवरी को टाटीबंध स्थित भगवान श्री अय्यप्पा के मंदिर में पूजा आराधना के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रेस को जारी एक विज्ञप्ति में उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री अय्यप्पा सेवा संघम के अध्यक्ष श्री गोपाल मेनोन ने बताया कि नववर्ष में ग्रहों की विपरीत दशाओं के कारण संभावित दोषों से मुक्ति हेतु शनिश्वर भगवान श्री अय्यप्पा के मंदिर में सोमवार 15 जनवरी को मकर संक्रांति के शुभअवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत के केरल राज्य में स्थित सबरीमाला मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केन्द्र है। सबरीमाला मंदिर भगवान श्री अय्यप्पा को समर्पित है जिन्हें भगवान शिव और मोहिनी (भगवान विष्णु का स्वरूप) का पुत्र माना गया है। जब भगवान विष्णु ने मोहिनी स्वरूप धारण किया था तब भगवान शिव उन पर मोहित हो गए थे जिसके फलस्वरूप भगवान श्री अय्यप्पा का जन्म हुआ। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के विशेष अवसर पर सबरीमाला मंदिर में रात्रि में एक ज्योति दिखाई देती है, इस दिव्य ज्योति को लेकर मान्यता है कि यह एक देव ज्योति है जिसे भगवान स्वयं प्रज्जवलित करते हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर दिखने के कारण इसे मकर ज्योति भी कहा जाता है। जो भक्तजन यहां दर्शन के लिए आते हैं उन्हें 41 दिन पहले से मांसाहारी भोजन का त्याग करना पड़ता है तथा ब्रम्हचर्य व्रत का पालन करना पड़ता है।

मान्यता है कि जो भक्तजन रूद्राक्ष या तुलसी माला धारण कर यह व्रत रखते हैं और मंदिर जाकर भगवान श्री अय्यप्पा का दर्शन करते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। श्री अय्यप्पा मंदिर में भूतल से गर्भगृह तक पवित्र 18 सीढ़ियाँ यहां देवता निवास करते हैं इस सीढ़ियों को पवित्र माना जाता है क्योंकि इन्हें गर्भगृह का विस्तार माना जाता है। हिन्दू धर्म दर्शन में 18 अंक का अपने आप में बहुत महत्व है। श्रीमद् भगवत गीता में 18 अध्याय हैं, 18 पुराण हैं, 18 युद्ध तकनीकें हैं, कुरूक्षेत्र का युद्ध 18 दिनों तक चला था, 4 वेद, 6 सूत्र, 5 इंद्रियां और 3 देवताओं का योग 18 होता है। 18 पवित्र चरणों के महत्व के अलग-अलग व्याख्याएं हैं। 18 पवित्र सीढ़ियां जीवात्मा के परमात्मा तक पहुचंने का पवित्र मार्ग है। जीवात्मा को परमात्मा में विलीन होने के लिए 18 गुणों को पार करना पड़ता है। चरण 1, 2, 3, 4 तथा 5 इंद्रियों (गंध, श्रवण, दृष्टि, स्वाद एवं स्पर्श) का प्रतिनिधित्व करती हैं। पवित्र चरण 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12 एवं 13 अष्टरागों (कामम, क्रोधम, लोभम, मोहम, मेदम, मात्सर्यम, थानभा एवं असुया) का प्रतिनिधित्व करते हैं। पवित्र चरण 14, 15 एवं 16 तीन गुणों (तमस, रजस एवं सत्व) का प्रतिनिधित्व करते हैं। पवित्र चरण 17 विद्या का तथा पवित्र चरण 18 अविद्या का प्रतिनिधत्व करता है।



कठिन व्रत का पालन करके भगवान श्री अय्यप्पा के भक्तजन जिन्हें अय्यप्पा और मलिकप्पुरम कहा जाता है अपने शरीर, मन एवं बुद्धि को शुद्ध कर पवित्र 18 सीढ़ियों पर आरोहण के लिए अपने सिर पर पूजा सामग्री वाली इरूमुड़ी लेकर पवित्र 18 सीढ़ियों पर आरोहण करते हैं और भगवान श्री अय्यप्पा का दर्शन करते हैं।

श्री अय्यप्पा मंदिर रायपुर में मकर संक्रांति पर कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर की पवित्र 18 सीढ़ियों के खुलने के साथ ही प्रारंभ होगा जो देर रात्रि तक जारी रहेगा। प्रात: 4.30 बजे प्रभात फेरी तथा 4.45 बजे निर्माल्य दर्शन, 5.30 बजे गणपति हवन के साथ ही 7.00 बजे ऊषा पूजन, 7.30 बजे भागवत पारायणम् सम्पन्न होगी। इसके बाद प्रात: 8.30 बजे पल्लीकेट्ट सहित पवित्र 18 सीढ़ियों का आरोहण किया जायेगा। केवल व्रत लिए हुए भक्तों को पल्लीकेट्ट के साथ सीढ़ी चढ़ने की अनुमति दी जाएगी। मंदिर के पवित्र सीढ़ियों पर आरोहण के इच्छुक भक्तजनों से निवेदन है कि वे शीघ्र ही मंदिर कार्यालय में अपना नाम पंजीयन कर आवश्यक निर्देश प्राप्त करें। आरोहण के पश्चात् प्रात: 9.00 बजे घी अभिषेकम्, 9.30 बजे अवरोहण, 10.00 से 10.30 बजे मध्यान्ह पूजन होगी। दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक आम लंगर (महाभंडारा)का आयोजन किया गया है। संध्या 5.00 से 7.00 बजे तक दीप अलंकार, दीपाराधना एवं आरती होगी। संध्या 7.00 से 9.00 बजे तक भजन, 8.15 से 8.30 बजे तक रात्रि भोग पूजा की जायेगी। संध्या समय भक्तजन लाखों दीपकों से मंदिर प्रांगण को सुसज्जित करेंगे। मकर ज्योति जलाने के इच्छुक भक्तजन तेल एवं बत्ती साथ लाकर मकर ज्योति जलाकर पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। श्री अय्यप्पा सेवा संघम् द्वारा इस अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आकर भगवान श्री अय्यप्पा का आशीर्वाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

## देव शास्त्र गुरु को निमित्त बनाकर कलह करना महान पतन का कारण है : मुनिश्री विनम्रसागर जी महाराज

### मुनिश्री ने कहा- वाणी और उससे पहले मानसिकता को छानने के बाद ही पानी छानने की सार्थकता है, व्यक्ति का अस्तित्व उसके व्यवहार से है

**तालबेहट/ललितपुर ( विश्व परिवार )।** कस्बे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि विनम्र सागर महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आचार से पहले व्यवहार की बात करना सीखो आचरण तो आपके साथ चला जायेगा, व्यवहार संसार में आपकी उपस्थिति को बनाये रखेगा, व्यक्ति का अस्तित्व उसके व्यवहार से है। जीवन में कभी कलह मत करो और देव शास्त्र गुरु को निमित्त बनाकर तो कभी कलह मत करना ये महान पतन का कारण है। मुनि श्री ने कहा जीवन में कभी सड़े कान का कुत्ता मत बनना न ही उनके संपर्क में रहना और न ही उन्हें साथ बैठाना। जो लोग पापों में लिप्त रहते हैं, नशा करते हैं जिसके साथ रहते उसे बुरा बनाते और जहाँ बैठते उस जगह को गन्दा करते हैं ऐसे लोगों को सड़े कान का कुत्ता कहा गया है। सुबह मुनि विनम्र सागर महाराज के साथ मुनि निस्वार्थ सागर, मुनि निर्मद सागर, मुनि निसर्ग सागर, मुनि श्रमण सागर एवं क्षुल्लक हीरक सागर के सानिध्य में सामूहिक अभिषेक शांतिधारा पूजन एवं विधान का आयोजन किया गया। इस मौक़े पर मुनि विनम्र सागर महारज ने कहा वाणी पात्र का ऐसा ढक्कन है जिससे व्यवहार प्रगट होता है। सबसे पहले व्यवहार का ढक्कन ठीक करो, धर्म और आचरण की बात उसके बाद में होगी। पानी छानने से पहले वाणी और उससे पहले मानसिकता को छानो, उसके बाद ही पानी छानने की सार्थकता है। गौतम गणधर को जन्म से जिनकुल नहीं मिला तुम्हारा पुण्य उससे भी तेज है जो जैन कुल में पैदा हुए हो तो उसकी सार्थकता को समझो। महिला का जीवन भी तब सार्थक है जब उसका लक्ष्य हो की मैं खुद तिरुँगी उसको भी उठाकर रखूंगी जो मुझे जीवन साथी के रूप में मिला है उसको कभी गिरने न दूंगी। जहाँ किसान खेती नहीं करता वहाँ भी कुछ पैदा होता है, लेकिन वह उपयोगी नहीं होता, अत: जीवन की उपयोगिता को समझो और चाक पर चढ़े हो तो कलश बनने की भावना रखो अन्यथा चिलम या सपोला बनकर बर्बाद हो जाओगे। अपने जीवन में व्यवहार सुधर गया तो आचरण सुधार कर भगवान बनने में देर न लगेगी। महावीर को अंतिम तीर्थंकर नहीं वर्तमान शासन नायक कहो, क्योंकि तीर्थंकर कभी अंतिम नहीं होंगे वह तो होते रहेंगे, जब -जब पाप बढ़ेगा तीर्थंकर जन्म लेते रहेंगे। सकल दिगम्बर जैन समाज बबीना ने मुनि विनम्र सागर महाराज का ससंघ आशीर्वाद प्राप्त किया एवं 20 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के प्रमुख पात्रों का माल्यार्पण कर तिलक लगाकर शॉल श्रीफल से सम्मान किया। सायं काल की बेला में गुरु भक्ति एवं मंगल आरती की गयी। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन मंदिर समिति, पंचकल्याणक समिति, अहिंसा सेवा संगठन, वीर सेवा दल, जैन युवा सेवा संघ, जैन मिलन, देवेंद्र कुमार, यशपाल जैन, प्रकाश परिधान, सुनील कुमार, अनिल जैन, प्रवीन कुमार, शैलेश जैन, विकास कुमार, प्रीतेश जैन, मनोज कुमार, मेघराज मिठ्या, राकेश मोदी, अजय जैन अज्जू, सुधीर कुमार, रीतेश चौधरी, सजल जैन, गौतम मोदी, रोहित बुखारिया, रंजीत जैन, अनुराग मिठ्या, आदेश मोदी, विशाल पवा, सौरभ मोदी, आकाश चौधरी, सौरभ पवैया, अमित कुमार, प्रिंस जैन, अभिषेक कुमार, आशीष जैन, पीयूष, मयूर, आयुष, मुकुल, वैभव, हर्ष जैन आदि मौजूद रहे। संचालन चौधरी चक्रेश जैन एवं आभार व्यक्त मोदी अरुण जैन बसार ने किया। पत्रकार सम्मान समारोह में कलम के सिपाहियों का किया सम्मान।



शब्दों की लेखनी से हम अपराधी न बनें- मुनि विनम्र सागर मुनि श्री ने किया 20 से 26 जनवरी तक जीव दया एवं अभय दान के लिये माँस की दुकाने बंद कराने का आह्वान। तालबेहट (ललितपुर) पत्रकार सम्मान समारोह में मुनि विनम्र सागर महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिगम्बर जैन साधु अपनी साधना की पराकाष्ठा पर पहुंचकर मूर्ति को मंत्रों के द्वारा पूज्य बनाते हैं। उस प्रतिमा के जलाभिषेक से असीम ऊर्जा प्राप्त होती है। प्रतिमा कभी समाज देखकर अपना प्रभाव नहीं छोड़ती। यह संयोग मात्र और आचार्य श्री की अनुकम्पा और आशीर्वाद है कि जब 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम आ रहे हैं उनकी स्थापना की जा रही है। उसी तिथि में 20 से 26 जनवरी तक तालबेहट नगरी को अयोध्या बनाने एवं जिनबिम्बों की स्थापना का प्रयास किया जायेगा जिनमें संसार से ऊपर उठने का प्रयोजन है वह सभी आकर इसे देख सकते हैं। क्रिया करने से नहीं महापुरुषों की वाणी सुनकर भी पुण्यार्जन कर सकते हैं। धर्म अर्थ काम पुरुषार्थ और मोक्ष की क्या व्यवस्था है आप देख सकते हैं। प्रतिमा में पुण्य का वैभव दिखायी देता है, उस पुण्य वैभव कि जड़ तक जाना होगा कि कैसे भगवान राम ने कभी प्रेम को देना नहीं छोड़ा, कभी नीति न्याय को नहीं छोड़ा। उनके पुण्य, त्याग, परोपकार, वैराग्य, साधना, विपरीत परिस्थिति में धैर्य का वैभव देखो। आस्था श्रद्धा की ओर हम दौड़ते चले जा रहे हैं। शब्दों की लेखनी से हम अपराधी न बनें, कहीं ऐसा न हो कोई शब्द कम करने में अर्थ का अनर्थ हो जाये, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के शब्दों की महत्ता को समझो उत्तम शब्द की उत्कृष्टता को समझो। राम का नाम जपने वाले बहुत हैं लेकिन जो नाम से तर जाये वही श्रेष्ठ है। मुनि श्री ने 20 से 26 जनवरी तक जीव दया एवं अभय दान के लिये शासन प्रशासन से माँस की दुकाने बंद कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की जब तक धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं अयोध्या में भगवान राम की स्थापना हो रही है, हम सभी का कर्तव्य है की जीवों पर दया करें उनको अभयदान प्रदान करते हुए हिंसा को रोकें। इस मौके पर मंदिर समिति एवं पंचकल्याणक समिति ने नगर के समाजसेवी एवं पत्रकारों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। संचालन मयूर जैन एवं आभार व्यक्त सौरभ जैन कड़ेसरा ने किया। **-विशाल जैन पवा**

## संक्षिप्त समाचार

### रामनामी समाज के लोग किए गए सम्मानित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विशिष्ट तरीके से श्रीरामचंद्र की भक्ति करने वाले रामनामी समाज का सम्मान गीतांजलि भवन में किया गया। विद्या भारती के छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष जुड़ावन सिंह ठाकुर इस समारोह में मुख्य वक्ता थे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में राम नमी समाज की उपस्थिति बनी हुई है जो कोरबा में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम के संयोजक संतोष खरे ने विषय के बारे में जानकारी दी और आज के परिपेक्ष में इसके महत्व को दर्शाया। इस अवसर पर रामनवमी समाज ने अपनी भूमिका की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत कोरबा जिले में सक्रिय विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से रामनमी समाज के आमंत्रित प्रतिनिधियों का विशेष सम्मान किया गया। विभिन्न संगठन और संस्थाओं के लिए कार्य करने वाले विशिष्ट जन्म इस कार्यक्रम में शामिल हुए जिन्होंने रामनवमी समाज को करीब से देखा और उनके बारे में जाना । उल्लेखनीय की रामनवमी समाज प्रभु श्री राम की भक्ति अपने तरीके से करता है। अपने पूरे शरीर पर राम के नाम का गोदना गोड़वाकर भजन कीर्तन करना उनकी जीवन पद्धति का एक प्रमुख हिस्सा है जो इन्हें सबसे अलग पहचान देता है।

### सरायपाली पुलिस ने 40 लाख रूपए का गांजा किया जब्त

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिले के सरायपाली पुलिस ने अवैध रूप से गांजा रखने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 40 लाख रूपए का 80 पैकेंट गांजा बरामद किया है। आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए प्लासटिक बैग में भरकर गांजा नाली में छुपा रखा था। मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली पुलिस को मुखबिर से सुचना मिली थी कि ग्राम खपरीडीह का राधेश्याम कलेत एवं ग्राम कसलबा का अशोक सोना ने ग्राम खपरीडीह वन विभाग नर्सरी के पास नाली मे भारी मात्रा में गांजा छुपा कर रखा हुआ हैं और उसे कहीं ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर थाना सरायपाली पुलिस की टीम ने मुखबीर के बताए इलाके में घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा और उनसे पुछताद करने पर उन्होंने गांजा रखना स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर न विभाग नर्सरी के पास नाली से हरे रंग के प्लास्टिक पैकेट में 80 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त कर लिया। जब्त गांजे की कीमत 40 लाख रुपए बताई गई है। मामले में पुलिस ने राधेश्याम कलेत पिता मुरली उम्र 28 वर्ष निवासी कसालवा एवं अशोक सोना को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही करते हूए उनके खिलाफ थाना सरायपाली में धारा 20(क्ड़) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीकृत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### ट्रेलर से टकराकर बाइक सवार खदान कर्मी की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कुसमुंडा खदान से आज सुबह अपनी ड्यूटी करके बाइक से अपनी गृह निवास गोपालपुर चैतमा लौट रहे खदान कर्मी की दीपका-चैतमा मार्ग में मांगामार के पास ट्रेलर से टकराने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा पश्चात् पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार पाली थानांतर्गत चैतमा पुलिस चैकी के ग्राम गोपालपुर निवासी सुनील कुमार उर्फसोनू जैता उम्र 32 पिता उदय जैता कुसमुंडा खदान में कार्यरत था। रोजाना की भांति गत रात्रि अपनी नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पूरी करने के बाद अपनी बाइक क्रमांक सीजी-12एआर-1937 से सुबह 6 बजे के लगभग अपने घर ग्राम गोपालपुर जाने के लिए निकला। इस दौरान वह दीपका थानांतर्गत मांगामार के पास पहुंचा तो एकाएक छपकी आने से बाइक के अनियंत्रित होने के कारण ट्रेलर क्रमांक सीजी-04.जेसी-3349 के चालक द्वारा बेतरतीब ढंग से मध्य सडक पर खड़ी किये जाने के कारण उसमें जोरदार ढंग से जा टकराया। बताया जाता है कि बाइक के खड़े ट्रेलर से टकराने के कारण काफी जोरदार आवाज हुई। जिसके कारण आसपास के लोग वहां दौड़े पहुंचे। इस दौरान लोगों ने देखा कि बाइक समेत ट्रेलर से टकराने के कारण लहूलुहान हालत में गंभीर चोट लगने से उपरोक्त युवक औंधे मुंह पड़ा हुआ है। इस घटना की सूचना दीपका थाना पुलिस को उस मार्ग से आने जाने वाले अन्य वाहनों के चालकों ने दी। सूचना मिलने पर दीपका टीआई अश्वनी राठौर ने तत्काल थाने से एएसआई अश्वनी निरंकारी एवं हमराह स्टाफ को दुर्घटना स्थल रवाना किया। वहां पहुंचते ही एएसआई श्री निरंकारी ने मृतक के शव को सीधा कराया। शिनाख्ती के दौरान उसकी पहचान कुसमुंडा खदान में कार्यरत सुनील उर्फ सोनू जैता निवासी गोपालपुर के रूप में अन्य खदान कर्मियों ने की। जिसके बाद एएसआई निरंकारी ने मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी। उसके परिजनों के आने के बाद शव को पंचनामा कार्यवाही की प्रक्रिया पूर्ण कर उसे पीएम के लिए दीपका पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया।

# गणेश बहार नाला ग्रामीणों की जिंदगी में लाएगा खुशहाली की बहार

## अपने गांव में बिजली पैदा करेंगे टाईपदर के ग्रामीण

**नाले में बन रहे स्टॉप डेम में टरबाईन की हो रही स्थापना**

**पर्याप्त सिंचाई भी होगी किसानों के खेतों की**



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** गणेश बहार नाला बस्तर जिले के ग्राम टाईपदर के ग्रामीणों की जिंदगी में बहार लाने जा रहा है। इस नाले के पानी से ग्रामीण जहां अपनी जरूरत की पूर्ति के लिए बिजली पैदा कर सकेंगे, वहीं उनके खेतों को भरपूर सिंचाई सुविधा भी मिलेगी। गांव के पास से बहने वाले में गणेश बहार नाले में जल संसाधन विभाग द्वारास्टॉप डेम का निर्माण कराया जा रहा है और लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम की स्थापना की जा रही है। बिजली उत्पादन के लिए स्टॉप डेम में टरबाईन भी लगाई जा रही है। गणेश बहार नाला वैसे तो एक बरसाती नाला है, मगर अब यह नाला बारहों माह टाईपदर के ग्रामीणों के जीवन में तरक्की और खुशियों की बरसात करेगा। बरसात के मौसम में पहले गणेश बहार नाले से पानी व्यर्थ बह जाता था। नाले के जल का उपयोग ग्रामीण नहीं कर पाते थे। सन 2010 में बस्तर क्षेत्र के भ्रमण पर आए बेंगलुरु के प्रोफेसर डॉ. पुनीत सिंह टाईपदर गांव भी पहुंचे थे। बरसाती पानी के संरक्षण और उसे बहुआयमी उपयोग में माहिर डॉ. पुनीत सिंह ने गणेश बहार नाले में स्टॉप डेम निर्माण, लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम और बिजली उत्पादन की परिकल्पना कर काम शुरू किया। इसके लिए उन्होंने अपनी ओर से धन राशि भी लगाई। फिर शासन द्वारा जल संसाधन विभाग के जरिए संसाधन लगाकर काम को आगे बढ़ाया गया। गणेश बहार नाला में कराए जा रहे स्टाप डेम और लिफ्ट एरिगेशन कार्य का कलेक्टर विजय दयाराम के. ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से लिफ्ट एरिगेशन की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के सफल होने के लिए ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका जरूरी है। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने सिंचाई योजना से ग्रामीणों को होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराते हुए सिंचाई हेतु स्टोरेज टैंक से श्रमदान के जरिए नाली निर्माण कर प्रशासन का विश्वास जीतने कहा। ताकि ग्रामीणों की मांगों पर अन्य विकास कार्यों को भी गति दी जा सके। उन्होंने कहा कि इस लिफ्ट एरिगेशन से लाभान्वित सिंचित क्षेत्र में सभी हितग्राही नगदी फसल गन्ना की खेती कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि इस योजना के लिए वर्ष 2010 से बेंगलुरू के प्रोफेसर डॉ. पुनीत सिंह ने इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए अपना बहुमूल्य योगदान और स्वयं धन भी लगाया है। इसके अलावा प्रशासन की ओर से आवश्यक संसाधन लगाए गए हैं। इतनी बड़ी लागत से बने प्रोजेक्ट का समुदाय बेहतर उपयोग कर आने वाली पीढ़ी के लिए संसाधन बनाने में सहयोग दे। कलेक्टर ने टाईपदर के गणेश बहार नाला में स्थापित स्टाप डेम, लिफ्ट एरिगेशन के लिए स्थापित टरबाईन और स्टोरेज टैंक का अवलोकन कर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दूरस्थ ग्रामों में आयोजित किए जा रहे शिविर

**ग्रामीणों के जीवन स्तर में बदलाव लाने हेतु विभागीय स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की दी जा रही जानकारी**

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी जनपदों के निर्धारित स्थानों में कार्ययोजना अनुसार सतत रूप से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में करतला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम नवापारा रो, बीरतराई, देवलापाठ, कोथारी, महोरा, चिचोली में, कोरबा जनपद के मुढुनारा, कल्दामार, मातमार, कुरूडीह, कुदरी में, विकासखंड कटघोरा के ग्राम तेलसरा में, पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम नवापारा एवं घुमानीडांड/तलमलीडांड में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजित किया गया। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन भी पहुंच रही है। जिसका स्वागत ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। मोबाइल वैन के एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन करने के साथ ही लघु चलचित्रों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी आमजनों को दी गई। शिविर में शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने एवं योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं लाभान्वित हुए हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। यहां उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।

# पिस्टल की नोक पर ज्वेलरी दुकान में लूट रायपुर के युवक-युवती गिरफ्तार

**धमतरी(विश्व परिवार)।** जिले के भखारा में गत तीन जनवरी को पिस्टल की नोक पर ज्वेलरी दुकान से सोने का हार लूट कर फरार होने वाले रायपुर को युवक-युवती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उनके पास से लूट का सामान तथा एक पिस्टल जब्त किया है। बता दें कि भखारा के दुर्गा ज्वेलर्स नामक ज्वेलरी दुकान में गत तीन जनवरी को एक लड़का और एक लड़की मुंह मे स्कार्फ बांधकर ज्वेलरी खरीदने के बहाने पहुंचे थे तथा मौका पाकर युवक ने पिस्टल निकालकर दुकानदार को डराया और दुाकन से रानीहार को लूट कर भाग गये। जिसके बाद दुकान के संचालक तरूण सोनी ने इसकी रिपोर्ट भखारा थाने में दर्ज कराई थी। मामले में थाना भखारा में अज्ञात युवक-युवती के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी पतासाजी की जा रही थी। मामले की विवेचना के दौरान सायबर टीम एवं थाना भखारा द्वारा घटना स्थल भखारा से रायपुर शहर तक लगे सीसीटीवी फूटेज का बारीकी से अध्ययन किया गया। संदेहियो को लक्ष्मी नगर कालोनी पचपेड़ी नाका रायपुर में जाते हुए सीसीटीवी फुटेज में देखा गया, जिनकी पतासाजी हेतु लक्ष्मी नगर कालोनी एवं आसपास के कालोनियों में टीम द्वारा सतत निगरानी रखकर मुखबिर लगाकर पता तलाश किया जा रहा था। इस दौरान आरोपियों के संबंध में मुखबिर से सूचना मिली और सूचना पर संदेही आरोपियों को लक्ष्मी नगर कालोनी में पकड़कर पुछताछ किया गया। संदेहियो ने अपना नाम अर्पित लाल मरकाम निवासी एवं प्रियंका इसरानी दोनों निवासी बुढ़ापारा रायपुर का होना बताया। दोनों से कड़ाई से पुछताछ करने पर उन्होंने ज्वेलरी दुकान में लूट करना स्वीकार कर लिया।

## सरकारी अस्पताल में बच्चे की खरीद बिक्री का भंडाफोड़ नर्स 30 हजार में खरीद लाखों में करती थी सौदा

**सुकमा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में सरकारी अस्पताल की नर्स द्वारा बच्चे की खरीदी बिक्री के केस का खुलासा हुआ है। कलेक्टर ने नर्स को निलंबित कर दिया है। एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। सुकमा जिले के ज़िला अस्पताल में नवजात बच्चों की बिक्री करने का यह मामला है। बताते हैं, अस्पताल की ही स्टाफ़नर्स के द्वारा नव जन्में बच्चों का सौदा जन्म से पहले ही कर लिया जाता था। खासकर गरीब परिवारों को इसका शिकार बनाया जाता था। जिला अस्पताल में गरीब बच्चे के जन्म के बाद प्रलोभन देकर महज़ बीस तीस हज़ार में बच्चे की ख़रीदी कर ली जाती थी। और फिर उन बच्चों को अलग अलग जरूरतमंद लोगों को लाखों रूपये में बेच दिया जाता था। मामला तब प्रकाश में आया जब सुकमा कलेक्टर हरिस एस. को मामले की शिकायत मिली। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बाल संरक्षण इकाई सुकमा के अधिकारियों को पड़ताल करने का निर्देश दिया। जाँच में पता चला की रामाराम ग्राम पंचायत की एक महिला से स्टाफ़नर्स ने बच्चा ख़रीदा और किसी व्यक्ति को लाखों रूपये में बेच दिया गया वहीं नव जन्मे बच्चे की माँ को महज़ तीस हज़ार रूपये देकर घर भेज दिया गया। अफसरों का कहना है, जाँच के दौरान उक्त स्टाफ़नर्स के द्वारा पूर्व में इसी तरह कई और बच्चों की ख़रीदी बिक्री की जानकारी मिली है, जिस पर जाँच जारी है। बाल संरक्षण इकाई सुकमा के अधिकारियों ने उक्त स्टाफ़नर्स के खिलाफ सुकमा कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया है।

# कलेक्टर ने शुरू किया जिले में सफाई अभियान

**कलेक्टर श्री चौहान ने स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों से अपील की**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** जिले में प्रत्येक शनिवार को सफाई अभियान का आरंभ कलेक्टर के एल चौहान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी मीडिया व गणमान्य नागरिकों की टीम ने सारंगढ़ के तुर्की तालाब परिसर में किया। टीम द्वारा प्रात: 7 बजे से सफाई अभियान आरंभ किया गया, जो सुबह 10 बजे तक चला। बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी ने बिलाईगढ़ में सफाई अभियान की। कलेक्टर ने अपील किया है कि यह जिले के नागरिकों और प्रशासन का प्रथम दायित्व होना चाहिए कि हम अपने आसपास गली मोहल्ले वार्ड, गांव, शहर को पूरी तरह से स्वच्छ रखें व सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी या कचरा ना फैलाएं। स्वच्छता मानव जीवन के साथ अन्य प्राणियों और वातावरण के लिए भी बहुत खास है। हर शनिवार को विशेष स्थान और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन ने उठाया है, उसके लिए हम पूरी ताकत के साथ सफाई अभियान करेंगे। इस कार्य को सेवा भाव से आगे बढ़ाएं और ज्यादा से ज्यादा आम जनता इससे जुड़े। यही संदेश देने यह स्वच्छता अभियान मैंने प्रारंभ की है। सुघर शहर बनाने के लिए हमें कचरों को नियत स्थल या डस्टबिन में डालने और सड़कों पर ना फेंकने की बात कहीं। तुर्की तालाब की साफ सफाई करते हुए बाहरी परिसर, सड़कों और वहां खड़े होने वाले ठेलो का भी औचक निरीक्षण किये। कलेक्टर ने इस स्वच्छता अभियान में पाया कि शाम के समय गुमटी व ठेलो के द्वारा चौपाटीनुमा बाजार लगने से ग्राहकों वाहनों को सड़क पर खड़े कर देते हैं जिससे यातायात बाधित होने से दुर्घटना की संभावना होती है जिस पर सीएमओ राजेश पांडेय को संज्ञान में लेने व त्वरित तुर्की तालाब स्थल को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता अभियान में विशेष रूप से भारत एवं स्काउट गाइड के स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षक, नगरपालिका के सफाई कर्मी, अधिकारी कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा। अभियान को सफल बनाने में निष्ठा पांडेय तिवारी, अपर कलेक्टर, प्रकाश भारद्वाज संयुक्त कलेक्टर, वासु जैन एसडीएम, हरिशंकर चौहान जिला पंचायत नोडल अधिकारी, टी आर माहेश्वरी डिप्टी कलेक्टर, सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# कलेक्टर अवनीश शरण ने कोनी में बन रहे 240 बेड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

**केन्द्र राज्य सहयोग से 200 करोड़ में बन रहा 10 मंजिला अत्याधुनिक हॉस्पिटल**

**कलेक्टर ने बचे काम 15 फरवरी तक पूर्ण करने दिए निर्देश**



**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अवनीश शरण ने आज कोनी में सिम्स की विस्तारित निर्माणाधीन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने बचे हुए निर्माण कार्य और उपकरणों की खरीदी 15फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि लगभग 200 करोड रुपए की लागत से इस मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इसमें मरीजों के लिए 240 बेड सुविधा हैं। केंद्र और राज्य दोनों सरकार की वित्तीय सहयोग से इसका निर्माण किया जा रहा है। सिम्स के इस विस्तारित अस्पताल में विशेषज्ञ वाले छह विभाग फिलहाल शुरू होंगे। इनमें नेफ्रोलॉजी,यूरोलॉजी कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, न्यूरोलॉजी और न्यूरो सर्जरी शामिल हैं। कलेक्टर ने नक्शा के अनुरूप ग्राउंड फ्लोर से लेकर 10 वीं मंजिल तक निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। भवन में ग्राउंड फ्लोर के अलावा 10 मंजिल बनाए गए हैं। केंद्र सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इसका निर्माण कार्य किया जा रहा है। सिविल वर्क लगभग 98त्न कार्य पूर्ण हो गए हैं। केवल अब छोटे-मोटे कार्य बचे हैं। उपकरणों की खरीदी केंद्र सरकार की एजेंसी हाइट के माध्यम से की जा रही है। इनमें 77 प्रकार के उपकरणों में से 51 उपकरणों की खरीदी की जा चुकी है । कलेक्टर ने उपकरण खरीदी वाली एजेंसी को शेष उपकरणों की आपूर्ति 15फरवरी तक करने को कहा है।

## असीम राय हत्याकांड: नगर पंचायत अध्यक्ष ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष को मारने 7 लाख में दी थी सुपारी

**कांकेर(विश्व परिवार)।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष असीम राय की हत्या मामले में पुलि ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मुख्य शूटर विकास तालुकदार अभी फरार है. इस मामले में और भी आरोपी गिरफ्तार हो सकते हैं. एसपी दिव्यांग पटेल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष बप्पा गांगुली, पार्षद विकास पाल, जितेंद्र बैरागी ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष को मारने 7 लाख में सुपारी दी थी. नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव को हत्या का कारण बतााय जा रहा है. 2014 में असीम राय पर गोली चलाने वाला युवक भी इस हत्या मामले में शामिल हैं. इस मामले को लेकर प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना के बाहर जमकर हंगामा किया और दोषियों को फांसी देने की मांग करते हुए नारेबाजी की. बता दें कि 2019 नगरीय निकाय चुनाव में पखांजुर नगर पंचायत में कांग्रेस ने 6 और 9 सीट जीती थी.

## व्यापार समाचार

### आम जनता को राहत नहीं... महंगाई नई ऊंचाई पर, दिसंबर में टूटा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत में खुदरा मुद्रास्फीति, विशेष रूप से खाद्य वस्तुओं की महंगाई के कारण दिसंबर 2023 में इससे पिछले माह की तुलना में हल्की बढ़ कर 5.69 प्रतिशत पर पहुंच गयी। यह महंगाई का 4 महीने का उच्चतम स्तर है। सिंतबर में महंगाई 5.02त्न रही थी। दिसंबर,23 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55 प्रतिशत और दिसंबर 2022 में इसी माह 5.72 प्रतिशत थी। केंद्रीय सांख्यिकी संगठन द्वरा शुक्रवार को जारी खुदरा मूल्य सूचकांक पर आधिरत आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने खाद्य वर्ग की कीमतें सालाना आधार पर 9.53 प्रतिशत ऊंची थी। नवंबर,2023 में खाद्य मुद्रास्फीति 8.7 प्रतिशत और पिछले साल दिसंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 4.9 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति के निर्धारण में खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है और उसे खुदरा महंगाई दर को 2-6 प्रतिशत के दायरे में सीमित रखने का लक्ष्य दिया गया है। खुदरा मुद्रास्फीति इस समय इस सीमा के अंदर ऊपर की ओर है पर का दबाव बढ़ने से केंद्रीय बैंक के लिए नितिगत ब्याज दर में कमी करना कठिन होगा। रिजर्व बैंक की नीतिगत ब्याज दर इस समय 6.5 प्रतिशत है, जिसपर वह बैंकों को तात्कालिक नकदी उधार पर देता है। नवंबर की तरह दिसंबर में भी सब्जियों की महंगाई में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिली है। नवंबर में सब्जियों की महंगाई 17.7त्न से बढ़कर 27.64त्न हो गई।

### ओप्पो ने पेश की रेनो11 सीरीज


**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** ओप्पो इंडिया ने अपनी रेनो सीरीज का लेटेस्ट संस्करण, रेनो11 प्रो 5जी और रेनो11 5जी लॉन्च किया है। इन दोनों डिवाइस में ओप्पो की प्रोप्राइटरी टेक्नोलॉजी, जैसे विस्तृत व सूक्ष्म फोटोग्राफ्स के लिए हाइपरटोन इमेज इंजन, बैटरी को चार साल से ज्यादा समय तक चलने की क्षमता देने के लिए बीएचई, सुरक्षित और तेज चार्जिंग के लिए सुपरवूक तथा बैकग्राउंड में बिना लैग और बिना अटके लगभग 30 ऐप्स एक साथ चलाने के लिए डिजाइन किया गया ट्रिनिटी इंजन है। इस लॉन्च के बारे में ओप्पो इंडिया के डायरेक्टर, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस, सेवियो डिसूजा ने कहा रेनो11 सीरीज हाइपरटोन इमेज इंजन, बीएचई, सुपरवूक और कलर ओएस जैसी प्रोप्राइटरी टेक्नोलॉजीज में ओप्पो की विशेषज्ञता का प्रमाण है। यह परिभाषित करती है कि सॉफ्टवेयर इनोवेशंस किस प्रकार हार्डवेयर की पूरी क्षमता का उपयोग करने में समर्थ बना सकते हैं। हम अपने ग्राहकों द्वारा इन नए स्मार्टफोंस का अनुभव लेने का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। ये उन्हें रेनो का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेंगे, फिर चाहे वह टॉप-ग्रेड कैमरा हो, भारी ऐप्स के बीच सुगम मल्टीटास्किंग हो, या बहुत तेजी व सुरक्षित रूप से चार्ज होकर लंबे समय तक चलने वाली बैटरी का अनुभव हो। रेनो 11 प्रो 5जी और रेनो11 हर मामले में आपके सबसे अच्छे साथी बन जाएंगे।

### ईज़मायट्रिप ने नई सब्सिडिएरी - ईजमायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च कर बीमा क्षेत्र में कदम रखा

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** EaseMyTrip.com ने अपनी नई सब्सिडिएरी ईज़मायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च किया है। EaseMyTrip.com भारत का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म है। यह लॉन्च अपने सेवा पोर्टफोलियो में विविधता लाने और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विशेष उत्पाद बनाकर बीमा बाजार में प्रवेश करने के लिहाज से उठाया गया रणनीतिक कदम है। यह नया उद्यम उद्योग में ईज़मायट्रिप की स्थिति को और अधिक मजबूत करेगा और कंपनी के 20 मिलियन से अधिक यूजर्स के जरिए 7.9 ट्रिलियन रुपये के बाजार की जरूरतों को पूरा करेगा। भारत दुनिया के उभरते बीमा बाजारों में पांचवां सबसे बड़ा जीवन बीमा बाजार है, जो हर साल 32-34त्न की दर से बढ़ रहा है। भारतीय बीमा बाजार के 2027 तक 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सहायक कंपनी का निर्माण ग्राहक संतुष्टि और पेशकश विस्तार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। बीमा ब्रोकरेज डोमेन में प्रवेश करके, कंपनी का लक्ष्य न केवल अपने सेवा पोर्टफोलियो को बढ़ाना है बल्कि व्यवसाय संचालन और राजस्व बढ़ाने के लिए नए विकल्पों को भी स्थापित करना है। ईज़मायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को अम्ब्रेला ब्रांड के तहत एक विशिष्ट इकाई के रूप में शामिल किया गया है। ईटीपीएल के सम्मानित प्रोमोटर निशांत पिट्टी, नवगठित सब्सिडिएरी में निदेशक की भूमिका में होंगे। उनका नेतृत्व और विशेषज्ञता कंपनी को बीमा क्षेत्र में सफलता की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### टाटा ने गुजरात में अधिगृहित फोर्ड इंडिया संयंत्र से कारों का उत्पादन शुरू किया

**चेन्नई( एजेंसी )।** टाटा मोटर्स लिमिटेड की सहायक कंपनी टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड (टीपीईएम) ने कहा कि उसने गुजरात के साणंद1 में अपने नए प्लांट में टाटा बैज वाली पहली कार तैयार की है। यह प्लांट पिछले साल फोर्ड इंडिया से खरीदा गया था। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टीपीईएम के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा, साणंद में नई टीपीईएम सुविधा की पहली कार को देखना हमारे लिए गर्व का क्षण है। हमने 12 महीने की सबसे कम अवधि में कारखाने को सफलतापूर्वक फिर से तैयार किया है, मौजूदा उत्पादों और भविष्य की एक विस्तृत श्रृंखला को समायोजित करने के लिए इसे नए स्तर पर ले गए हैं। नए मॉडल आने वाले हैं। चंद्रा के अनुसार, नई सुविधा की विनिर्माण क्षमता तीन लाख यूनिट प्रति वर्ष होगी, जिसे बढ़ाकर चार लाख 20 हजार यूनिट प्रति वर्ष किया जाएगा। 460 एकड़ में फैली नई सुविधा, आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल बनाने के लिए गुजरात में टाटा मोटर्स का दूसरा संयंत्र होगा। फोर्ड इंडिया से अधिग्रहण के बाद, संयंत्र में बड़े पैमाने पर नये उपकरण लगाये गये हैं और उन्नयन किया गया है। एक बयान में कहा गया है कि संयंत्र में वर्तमान में एक हजार से अधिक कर्मचारी (तकनीशियन के साथ) हैं और उत्पादन बढ़ाने की योजना के अनुरूप, क्षेत्र में अगले तीन-चार महीने में एक हजार अतिरिक्त नौकरियां पैदा की जाएंगी। फोर्ड इंडिया ने अपना गुजरात संयंत्र टीपीईएम को 725.70 करोड़ रुपये में बेच दिया था।



## इंस्टाग्राम के सह-संस्थापकों का बड़ा ऐलान अपना आर्टिफैक्ट न्यूज ऐप किया बंद

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंस्टाग्राम के सह-संस्थापक केविन सिस्ट्रॉम और माइक क्राइगर, जिन्होंने एक साल पहले एआई-पावर्ड न्यूज एग्रीगेटर ऐप आर्टिफैक्ट लॉन्च किया था, ने शनिवार को इसका संचालन बंद करने की घोषणा की। उन्होंने इसका कारण बताते हुए कहा कि बाजार का अवसर इतना बड़ा नहीं था कि निरंतर निवेश की गारंटी दी जा सके। सिस्ट्रॉम, जो ऐप के सीईओ हैं, ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, स्टार्टअप के लिए इस वास्तविकता को नजरअंदाज करना आसान है, लेकिन अक्सर पहले ही कठिन निर्णय लेना इसमें शामिल सभी लोगों के लिए बेहतर होता है। आर्टिफैक्ट ऐप को हाल ही में गूगल प्ले स्टोर द्वारा साल का एव्रीडे एसेंशियल ऐप नामित किया गया था। कंपनी ने नए कमेंट्स और पोस्ट जोड़ने की क्षमता को हटाने का निर्णय लिया है। सीईओ ने कहा, इस प्रकार के कंटेंट के लिए उचित मात्रा में संयम और निरीक्षण की आवश्यकता होती है और हमारे पास इन फीचर्स को सपोर्ट करने के लिए भविष्य में स्टाफ नहीं होगा। हालांकि, मौजूदा पोस्ट यूजर्स को उनकी प्रोफाइल सेल्फ-व्यू पर दिखाई देती रहेंगी। इस बीच, आर्टिफैक्ट फरवरी के अंत तक कोर न्यूज-रीडिंग की क्षमता का संचालन जारी रखेगा। सिस्ट्रॉम ने कहा, हम अस्तित्व के ऐसे क्षण में हैं जहां कई पब्लिकेशन बंद हो रहे हैं या संघर्ष कर रहे हैं, लोकल न्यूज लगभग गायब हो गए हैं, और बड़े पब्लिशर्स के लीडिंग टेक्नोलॉजी कंपनियों के साथ संबंध खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि टेक्नोलॉजी इन संस्थानों को समर्थन देने, संरक्षित और विकसित करने के तरीके ढूंढ सकती है और ये संस्थान उस पैमाने का लाभ उठाने के तरीके खोज सकते हैं जो एआई जैसी चीजें प्रदान कर सकती हैं। स्मार्टन्यूज जैसे अन्य न्यूज एग्रीगेटर्स के उपयोग में मंदी के बीच यह शटडाउन हुआ।

## सुमित नागल ऑस्ट्रेलियन ओपन के मुख्य ड्रॉ में

**मेलबर्न ( एजेंसी )।** भारत के सुमित नागल ने क्वालीफायर के अंतिम दौर में स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-4, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। नागल, जो वर्तमान में एकल विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर हैं, ने 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट के मुख्य दौर में प्रवेश किया, जो उनकी समग्र ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ में चौथी उपस्थिति है। भारतीय ने 2019 यूएस ओपन में अपने ग्रैंड स्लैम मुख्य ड्रॉ की शुरुआत की, जब उन्होंने अपने शुरुआती दौर



के मैच में रोजर फेडरर का सामना किया और 6-4, 1-6, 2-6, 4-6 से मैच हारने से पहले स्विस दिग्गज के खिलाफ पहला सेट जीतने में सफल रहे। 2020 यूएस ओपन के मुख्य ड्रॉ में, नागल ने ब्रैडली क्लैन के खिलाफ अपना शुरुआती दौर का मैच जीता, और सोमदेव देववर्मन (2013 यूएस ओपन) के बाद ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ में एकल मैच जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। हालाँकि, वह दूसरे दौर में अंतिम चैंपियन डोमिनिक थिएम से हार गए। मुख्य ड्रॉ में नागल की आखिरी उपस्थिति 2021 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में हुई थी, जहां उन्हें लिथुआनिया के रिकार्डस बेरांकिस के खिलाफ 2-6, 5-7, 3-6 के स्कोर के साथ शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा था।

## कुलदीप, अक्षर की टेस्ट में वापसी; जुरेल को भी 16 खिलाड़ियों की टीम में मिली जगह

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच मैचों की श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैचों के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। पहला मैच 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होगा। टखने की चोट के बाद वापसी कर रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को पहले दो टेस्ट से बाहर रखा गया है। 33 वर्षीय तेज गेंदबाज नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से चोट के कारण मैदान से बाहर हैं। उप-कप्तान जसप्रित बुमरा के नेतृत्व में सीम आक्रमण में मोहम्मद सिराज की उग्र जोड़ी



और मुकेश कुमार और अवेश खान की होनहार प्रतिभाएं शामिल हैं। शमी की अनुपस्थिति ने इन युवा तेज गेंदबाजों के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ने का द्वार खोल दिया। स्पिन विभाग में, आर अश्विन और रवींद्र जडेजा की मजबूत जोड़ी को वापसी करने वाले कुलदीप यादव और अक्षर पटेल का साथ मिलेगा। ध्रुव जुरेल के रूप में एक नया चेहरा सामने आया। उत्तर प्रदेश से आने वाले इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने केएल राहुल और केएस भरत के साथ विकेटकीपिंग विभाग में गहराई जोड़ते हुए पहली बार टीम में जगह बनाई है।

## नासा, लॉकहीड का एक्स-59 जेट कम आवाज के साथ हासिल करेगा सुपरसोनिक गति

**वाशिंगटन( एजेंसी )।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और एयरोस्पेस क्षेत्र की प्रमुख लॉकहीड मार्टिन ने औपचारिक रूप से कम आवाज वाले सुपरसोनिक विमान एक्स-59 लॉन्च किया है, जिससे नई पीढ़ी के वाणिज्यिक विमानों का मार्ग प्रशस्त हो गया है जो ध्वनि की गति से भी तेज यात्रा कर सकते हैं। एक्स-59 नासा के क्वेस्ट मिशन के केंद्र में है, जो नियामकों को उन नियमों पर पुनर्विचार करने में मदद करने के लिए डेटा प्रदान करने पर केंद्रित है जो भूमि पर वाणिज्यिक सुपरसोनिक उड़ान को प्रतिबंधित करते हैं। अमेरिका और अन्य देशों ने नीचे के आबादी वाले इलाकों में तेज़, चौंकाने वाली ध्वनि तरंगों (सोनिक बूम) के कारण होने



वाली गड़बड़ी के कारण 50 वर्षों से ऐसी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा रखा है। एक्स-59 के ध्वनि की गति से 1.4 गुना या 925 मील प्रति घंटे की गति से उड़ने की उम्मीद है। नासा ने शुक्रवार देर रात एक बयान में कहा कि इसका डिजाइन, आकार और प्रौद्योगिकियां विमान को अपेक्षाकृत शांत ध्वनि उत्पन्न करते हुए इस गति को प्राप्त करने में सक्षम बनाएँगी। नासा की उप प्रशासक पाम मेलरॉय ने कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है जो नासा और पूरी एक्स-59 टीम की कड़ी मेहनत और सरलता से ही संभव हो पाई है। उन्होंने कहा, कुछ ही वर्षों में हम एक महत्वाकांक्षी अवधारणा से वास्तविकता की ओर बढ़ गए हैं। नासा का एक्स-59 हमारी यात्रा के तरीके को बदलने में मदद करेगा, हमें बहुत कम समय में नजदीक लाएगा। विमान इस वर्ष के अंत में पहली बार उड़ान भरने के लिए तैयार है, जिसके बाद इसकी पहली शांत सुपरसोनिक उड़ान होगी। क्वेस्ट टीम विमान को एडवर्ड्स, कैलिफ़ोर्निया में नासा के आर्मस्ट्रांग फ़्लाइट रिसर्च सेंटर में स्थानांतरित करने से पहले उसके कई उड़ान परीक्षण करेगी, जो इसके संचालन के आधार के रूप में काम करेगा। एक बार जब नासा उड़ान परीक्षण पूरा कर लेता है, तो एजेंसी पूरे अमेरिका के कई चयनित शहरों में विमान उड़ाएगी ताकि एक्स-59 से उत्पन्न होने वाली ध्वनि को लोग इसे कैसे समझते हैं, इसके बारे में इनपुट एकत्र किया जा सके।

## सोशल मीडिया पर 2 मिनट की ऑडियो वीडियो पोस्ट कर सकेंगे आलंपिक एथलेट , आईओसी ने दी अनुमति

**जिनेवा( एजेंसी )।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के दिशानिर्देशों के तहत मान्यता प्राप्त एथलीटों को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 और शीतकालीन युवा ओलंपिक गेम्स (वाईओजी) गैंगवॉन 2024 की प्रति पोस्ट दो मिनट तक की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग पोस्ट करने की अनुमति है। आईओसी ने एथलीटों को अपने व्यक्तिगत डिजिटल खातों पर ओलंपिक खेलों में अपने अनुभव साझा करने की अनुमति देने के लिए अपने आधिकारिक सामाजिक और डिजिटल मीडिया दिशानिर्देश जारी किए, साथ ही मीडिया अधिकार-धारकों (एमआरएच) के अधिकारों की रक्षा भी की। एथलीट उद्घाटन और समापन समारोह, ओलंपिक गांव, प्रतियोगिता और प्रशिक्षण स्थलों के साथ-साथ अभ्यास क्षेत्रों से रिकॉर्डिंग पोस्ट करने में सक्षम हैं। आईओसी ने बताया कि प्रतियोगिता स्थल एथलीटों की प्रतियोगिता शुरू होने से एक घंटे पहले और मिश्रित क्षेत्र या डोपिंग नियंत्रण स्टेशन छोड़ने के बाद तक उनकी रिकॉर्डिंग के लिए खुले हैं। आईओसी ने कहा, ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए मान्यता प्राप्त अन्य सभी व्यक्ति, जिनमें कोच, तकनीकी कर्मचारी, दल के सदस्य, टीम के अधिकारी, स्वयंसेवक, राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी), अंतर्राष्ट्रीय महासंघों (आईएफ) या आयोजन समिति के कर्मी और अन्य टीम कर्मी शामिल हैं। खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को ओलंपिक खेल पेरिस 2024 में भाग लेने वाले एथलीटों के अलावा अन्य मान्यता प्राप्त व्यक्तियों के लिए आईओसी सामाजिक और डिजिटल मीडिया दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

## गुजरात सरकार के पर्यटन विभाग ने रायपुर में गुजराती फूड फेस्टिवल का आयोजन किया

**छत्तीसगढ़ के माननीय पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवालजी और माननीय विधायक पद्मश्री अनुज शर्माजी ने उठाया गुजराती भोजन का आनंद**

**रायपुर।** गुजरात सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा मैरिगोल्ड मोती महल बैंकवेट होल में गुजराती फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें गुजरात के विभिन्न क्षेत्रों के व्यंजनों को परोसा गया। शाम 7 बजे भव्य फूड फेस्टिवल की शुरुआत हुई। पूरा बैंक्वेट हॉल गुजराती व्यंजन संस्कृति से सजाया गया था। रायपुर शहर के विभिन्न विस्तारों से पधारे अतिथियों का गुजराती परंपरा से स्वागत किया गया। माननीय पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवालजी और माननीय विधायक पद्मश्री अनुज शर्माजी एवं पूर्व विधायक श्री देवजीभाई पटेल ने कार्यक्रम में उपस्तित रह कर गुजराती भोज का लुत्फ़ उठाया। माननीय पर्यटन मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवालजी ने कहा की ऐसे ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम होने चाहिए जो की गुजरात और छत्तीसगढ़ की संस्कृति के आदान प्रदान का माध्यम बनेंगे। स्वादिष्ट गुजराती भोजन की स्वाद से भरपूर यात्रा गुजराती स्नैक्स शुरु हुई। मिनी हांडवो, पात्रा, खांडवी, ढोकला, खमण, फुलवड़ी, बटाटा वड़ा, और मेथीना गोटा जैसी बहुत सी स्वादिष्ट चीजें बनी इस स्वादिष्ट यात्रा का हिस्सा।

मुख्य व्यंजन में गुजरात के विभिन्न क्षेत्र के चहिते व्यंजन परोसे गये। कोबिज के सम्भारे से लेकर फुल्का रोटी और बाजरे का रोटला, प्रत्येक व्यंजन ने क्षेत्र के रसोईयों की पाक-कला को प्रस्तुत किया। सेव टमेटा नु शाक, लसणिया बटाका, रिंगण नो ओलो, वाल, मग नी लचको दाल, भरेली दुंगली नु शाक, गुजराती कढ़ी, राजवाड़ी कढ़ी, भात, वघारेलो रोटलो, कचुम्बर, पापड़, मसाला छाछ, और अचार ने सब का मन मोह लिया। गुजरात की पारंपरिक मिठाइयों का भी महेमानो ने लुत्फ़ उठाया। चुरमे का लड्डू, लापसी, अंगूरी बासुंदी, राजभोग मठो, लौकी का हलवा और सुखड़ी जैसी मिठाइयों ने गुजरात की मिठाश को प्रस्तुत किया। गुजरती फूड फेस्टिवल के दौरान बैंकवेट में सजी हुइ बड़ी स्वक्ष्ठ स्क्रिन पर प्रसिद्ध गुजराती व्यंजनों की रेसिपी को लगातार प्रस्तुत किया गया। यह दृश्य सभी उपस्थित लोगों को गुजरात के रसोईय इतिहास के माध्यम से यात्रा कराते हुए, शाम को जीवंत और एकांतमय अनुभव प्रदान कर रहा था।

## सबसे उन्नत कॉम्पैक्ट एसयूवी: किआ ने एडैस वाली नई सॉनेट को 7.99 लाख रुपये की विशेष शुरुआती कीमत पर पेश किया

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** भारत की अग्रणी प्रीमियम कार निर्माता, किआ ने अपनी सबसे प्रीमियम कॉम्पैक्ट एसयूवी - नई सॉनेट को देश भर में 7.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होने वाली विशेष प्रारंभिक कीमत पर पेश किया है। दिसंबर 2023 में पेश किए गए, किआ के दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन के इस नवीनतम संस्करण में 25 सुरक्षा सुविधाएं दी गई हैं, जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला उत्कृष्ट एडैस और मजबूत 15 हाई-सेफ्टी विशेषताएं शामिल हैं। इस वाहन में 70 से अधिक कनेक्टेड कार सुविधाएं हैं, जैसे कि &# 39;फाइंड माइ कार विद एसवीएम&# 39; जो सॉनेट को सबसे आरामदायक ड्राइव बनाने के लिए कार के आसपास का दृश्य प्रदान करता है और हिंग्लिश कमांड देता है। नई सॉनेट 19 अलग-अलग वेरिएंट में अपनी उपलब्धता के साथ विविध प्रकार के ड्राइविंग अनुभव प्रदान करती है, जिसमें 9.79 लाख रुपये से शुरू होने वाले 5 डीज़ल मैनुअल वेरिएंट भी शामिल हैं। 10 ऑटोनॉमस फंक्शंस की विशेषता वाला सेगमेंट का बेस्ट एडैस लेवल 1, डीज़ल और पेट्रोल दोनों इंजन्स के लिए टॉप-ऑफ़-द-लाइन वेरिएंट में उपलब्ध है। पेट्रोल में जीटी लाइन और एक्स-लाइन वेरिएंट की कीमत क्रमश: 14.50 और 14.69 लाख रुपये, और डीज़ल की कीमत 15.50 और 15.69 लाख रुपये है। नई मस्कुलर और स्पोर्टियर सॉनेट एक अपराइट बॉडी स्टाइल के साथ सड़क पर अपनी विशिष्ट उपस्थिति बरकरार रखती है। फ्रंट कोलिजन-अवॉइडेंस असिस्ट (FCA), लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट (LVDA), और लेन फॉलोइंग असिस्ट (LFA) जैसी 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं से भरपूर, इस लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का यह नवीनतम संस्करण आधुनिक भारतीय ग्राहकों के व्यक्तित्व से गहराई से मेल खाता है। सुरक्षित ड्राइविंग अनुभव देने के लिए, इसमें 6 एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (श्वस्ष्ट), और व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट (ङ्कस्रू) सहित, सभी वेरिएंट में मजबूत 15 हाई-सेफ्टी फीचर मानक तौर पर दिए गए हैं। सॉनेट में इस पेशकश के साथ, किआ ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में 6 एयरबैग मानक बना दिए हैं।

# सुशासन

## एक माह में पूरी हुई मोदी की गारंटी

18 लाख से अधिक ग़रीब परिवारों को नि:शुल्क आवास

13 लाख किसानों को धान के बकाया बोनस के 3716 करोड़

किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी

50 लाख ग्रामीण परिवारों को नि:शुल्क नल कनेक्शन

69.92 लाख गरीब परिवारों को आगामी पाँच वर्षों तक नि:शुल्क राशन

महतारी वंदन योजना 1200 करोड़ रुपए का प्रावधान

पीएससी परीक्षा में अनियमितता की शिकायतों की सीबीआई जाँच का निर्णय

विद्यार्थियों के लिए राजधानी रायपुर में बनेगा एक और नालंदा परिसर

जशपुर के लिये मास्टर प्लान

छत्तीसगढ़ के तीर्थयात्रियों को अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिये रामलला दर्शन योजना



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

मोदी की गारंटी

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

SAMVAD- 39353/ 29

सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क